छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार-पत्र

हमारा उद्देश्य सेवा समर्पण जनकल्याण

एक सत बुलेटिन

जिले का प्रथम दैनिक समाचार पत्र स्थापना वर्ष 2020

E-mail: eksatbulletin@gmail.com | गौरेला पेंड्रा मरवाही, सोमवार 19 अक्टूबर 2026 | वर्ष-07, अंक-110 पृष्ठ-08, मूल्य- दो रुपए | Website: www.eksatbulletin.in

न्यूज इन शॉर्ट

नारीशक्ति के जीवन में दिख रहा बड़ा बदलाव CM योगी ने बताया- सरकारी योजनाओं से मिली सफलता



नई दिल्ली। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा, सम्मान, सामर्थ्य और समृद्धि से नारीशक्ति का जीवन आलोकित हो रहा है। उन्होंने आज शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर की मां महागौरी की भी पूजा की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर मां महागौरी के स्वरूप की पूजा की। उन्होंने मां महागौरी को शांति, पवित्रता और करुणा की प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि मां महागौरी की आराधना हमें स्मरण कराती है कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है।

कंगना ने कहा- भारत को पीएम मोदी की पहले से ज्यादा जरूरत



नई दिल्ली। कंगना रनौत ने विपक्ष के सत्ता परिवर्तन बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए देश के मजबूत नेतृत्व की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने फ्रांस का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा हालात में पीएम मोदी का नेतृत्व जरूरी है।बॉलीवुड एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनौत अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में बनी रहती है। हर मुद्दे पर वो खुलकर अपनी बात रखती है। इस बीच उन्होंने विपक्ष की ओर से सत्ता परिवर्तन को लेकर दिए गए बयानों पर अपनी प्रतिक्रिया दी और बताया कि भारत को एक मजबूत नेतृत्व की जरूरत क्यों हैं।छत्तीसगढ़ के रायपुर में मीडिया से बात करते हुए बीजेपी सांसद ने सत्ता परिवर्तन के बयानों पर कहा कि इस तरह की ओछी हरकतें देश को लगातार यह याद दिलाती हैं कि एक मजबूत नेतृत्व की कितनी जरूरत है।

ग्रेटर नोएडा में दो ड्रग्स लैब का भंडाफोड़, अमित शाह ने थपथपाई पीठ,



नई दिल्ली। ग्रेटर नोएडा में भारी मात्रा में सिंथेटिक ड्रग्स, केमिकल और उपकरणों की बरामदगी के बाद नशे के नेटवर्क पर सवाल उठे हैं। सरकार ने 2029 तक ड्रग्स कार्टेल को खत्म करने का लक्ष्य रखा है।ग्रेटर नोएडा में दो गुप्त ड्रग्स लैब का भंडाफोड़ होने के बाद नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। दोनों लैब से भारी मात्रा में सिंथेटिक ड्रग्स नशीले पदार्थ बनाने में इस्तेमाल होने वाले केमिकल और उपकरण बरामद किए गए हैं। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें एक विदेशी मूल का नागरिक भी शामिल है।

पंजाब के दागी ड्रग इंस्पेक्टर मामले में और एनआईए जांच की मांग



नई दिल्ली। सुनील जाखड़ ने अमित शाह को पत्र लिखकर पंजाब में ड्रग सिंडिकेट और आप सरकार पर तस्करों को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने दागी ड्रग इंस्पेक्टर सीशम मामले में एनआईए व श्रेष्ठ जांच की मांग की। पंजाब के पूर्व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने गृह मंत्री अमित शाह को लिखा पत्र, पंजाब के दागी ड्रग इंस्पेक्टर और जेलों से चल रहे ड्रग्स सिंडिकेट की एनआईएऔर ED जांच की मांग। पंजाब बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने आम आदमी पार्टी सरकार पर ड्रग तस्करों को सरकारी संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया है।



कोलकाता पंडाल में

बारिश में सैकड़ों लोग दौड़कर अंदर घुसे, संकरे रास्ते में दबे, महिलाएं-बच्चे चीखने लगे; 19 मौतें, 5 ICU में भर्ती

एजेंसी ➤ कोलकाता

कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार रात भगदड़ के दो वीडियो सामने आए हैं। 27 सेकेंड के एक वीडियो में बारिश के बीच सैकड़ों लोग दौड़ते हुए पंडाल में घुसते दिख रहे हैं।पंडाल के अंदर के एक अन्य वीडियो में संकरे रास्ते में लोगों की भारी भीड़ फंसी दिख रही है। लोग एक-दूसरे से सटकर खड़े थे और दबाव के कारण हिलने-डुलने तक की जगह नहीं थी। महिलाएं और बच्चे मदद के लिए चीख रहे थे।हादसे में 19 लोगों की मौत हुई, जबकि 25 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 5 मरीज ट्रॉमा में भर्ती हैं। पुलिस ने पूजा कमेटी के सचिव और उपाध्यक्ष समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन पर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है।पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता ऋतव्रत बनर्जी ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का समय नहीं है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी घटना के बाद राजनीतिक व्यवस्था के कुछ लोग आरोप-प्रत्यारोप में पूरी तरह उतर आए। राजनीतिक पोस्टमार्टम हो सकता है, लेकिन वह बाद में होना चाहिए।

निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी बीजेपी

25 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ आएंगी प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी, सांसदों-विधायकों और पदाधिकारियों के साथ करेंगी बैठकें

एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा ने संगठन स्तर पर गतिविधियां तेज कर दी है। इसी कड़ी में प्रदेश कार्यालय में जिला प्रभारियों और पदाधिकारियों की बैठक हुई। वहीं, प्रदेश प्रभारी बनने के बाद स्मृति ईरानी 25 अक्टूबर को पहली बार दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आएंगी। इस दौरान वे सांसदों, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन के कामकाज की समीक्षा करेंगी और आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगी।

सभी जिलों के प्रभारी-सहप्रभारी बैठक में शामिल हुए।

चुनाव की रणनीतियों, प्रचार-प्रसार की तैयारियों व कार्ययोजनाओं पर चर्चा

निकाय चुनाव से पहले बीजेपी का फोकस जिला स्तर पर संगठन की स्थिति मजबूत करने और नेताओं के बीच तालमेल बढ़ाने पर है।

इसी को लेकर शुक्रवार को रायपुर के बोरियाकला स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बैठक हुई। इसमें प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने जिला प्रभारियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की।बैठक में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, नवीन मार्कंडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही और क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में संगठन की पकड़ मजबूत करने और आने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।



नगरीय निकाय चुनावों से पहले पार्टी के लिए जिला स्तर पर सक्रियता बढ़ाना अहम माना जा रहा है। ऐसे में संगठन के पदाधिकारियों और जिला प्रभारियों के साथ हुई यह बैठक आगामी रणनीति तैयार करने के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने जिला प्रभारियों और पार्टी पदाधिकारियों को बूथ लेवल तक निकायों को मजबूत बनाने की रणनीति पर बातचीत की।

स्मृति ईरानी के दौरे से पहले संगठन की गतिविधियां तेज भाजपा की प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी 25 और 26 अक्टूबर को दो दिवसीय दौरे पर रायपुर आएंगी। प्रदेश प्रभारी बनने के बाद यह उनका छत्तीसगढ़ का पहला दौरा होगा। इस दौरान वे पार्टी के नेताओं से बातचीत करेंगी और संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करेंगी। दौरे में प्रदेश के सांसदों, विधायकों, स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठकें प्रस्तावित हैं। इन बैठकों के जरिए वे प्रदेश के राजनीतिक हालात और संगठन की गतिविधियों की जानकारी लेंगी। साथ ही आने वाले दिनों में पार्टी के कार्यक्रमों और रणनीति को लेकर भी चर्चा होगी। बैठक में आगामी चुनाव की रणनीतियों, प्रचार-प्रसार की तैयारियों व कार्ययोजनाओं पर चर्चा कर रूपरेखा तय की गई।

निकाय चुनाव की तैयारी पर रहेगा जोर

स्मृति ईरानी के दौरे का समय भी अहम है। एक तरफ प्रदेश भाजपा संगठनात्मक बैठकों के जरिए अपनी तैयारियों को आगे बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश प्रभारी का पहला दौरा पार्टी के नेताओं के साथ संवाद का अवसर होगा। नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए जिला स्तर पर संगठन की सक्रियता, जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय और पार्टी के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा होने की उम्मीद है। हालांकि, स्मृति ईरानी के दौरे का विस्तृत कार्यक्रम अभी सामने आना बाकी है। उनकी बैठकों में किन मुद्दों पर खास तौर पर चर्चा होगी, यह कार्यक्रम तय होने के बाद स्पष्ट होगा। फिलहाल प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक और प्रदेश प्रभारी के प्रस्तावित दौरे को भाजपा की संगठनात्मक तैयारियों के अगले चरण के तौर पर देखा जा रहा है।इसी साल दिसंबर में होंगे चुनाव छत्तीसगढ़ में दिसंबर 2026 में नगरीय निकाय चुनाव प्रस्तावित हैं। इसके तहत बीरगांव, भिलाई, भिलाई-चरौदा और रिसाली नगर निगम समेत 17 नगरीय निकायों में चुनाव होने हैं।

इनमें 4 नगर निगम, 5 नगरपालिका परिषद और 8 नगर पंचायत शामिल हैं। चुनाव को देखते हुए राजनीतिक दलों ने संगठन स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

हरियाणा में कश्मीरी यात्रियों की बस पर पथराव, शीशे टूटे



उमर अब्दुल्ला ने CM सैनी से की कार्रवाई की मांग

एजेंसी ➤ कोलकाता

कुरुक्षेत्र के पास कश्मीर जा रही एक बस पर पथराव हुआ जिसमें एक बुजुर्ग यात्री घायल हो गया। ष्टरू उमर अब्दुल्ला ने इसे निंदनीय बताया और हरियाणा सरकार से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।हरियाणा के कुरुक्षेत्र के पास जम्मू कश्मीर जा रही एक निजी बस पर पथराव की घटना सामने आई है। इस हमले में एक बुजुर्ग यात्री जख्मी हो गया। इस घटना पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा पुलिस से मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कहा।

सीएम मुख्यमंत्री उमर ने कहा कि उनके कार्यालय ने जम्मू-कश्मीर जा रही एक स्लीपर बस पर कुरुक्षेत्र के पास पथराव की घटना को लेकर हरियाणा सरकार से बात की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कानून के मुताबिक त्वरित और सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।सोशल मीडिया पर उमर अब्दुल्ला ने एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा 'जम्मू-कश्मीर सरकार प्रभावित यात्रियों के साथ खड़ी है और स्थिति पर करीबी नजर रख रही है'। जम्मू-कश्मीर में पंजीकृत एक स्लीपर बस पर कुरुक्षेत्र के पास पत्थर बुजुर्ग यात्री घायल हो गया'।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का ताजिकिस्तान दौरा

एससीओ की अहम बैठक में व्यापार और निवेश पर होगी बड़ी चर्चा

एजेंसी ➤ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19-20 अक्टूबर को ताजिकिस्तान के दुशांबे में शंघाई सहयोग संगठन की शासनाध्यक्ष परिषद की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस बैठक में व्यापार, अर्थव्यवस्था पर चर्चा होगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19-20 अक्टूबर को ताजिकिस्तान के दुशांबे में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शासनाध्यक्ष परिषद की आगामी बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस बैठक में एससीओ के सदस्य देशों के बीच



बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने पर ध्यान दिया जाएगा और विशेष रूप से व्यापार, अर्थव्यवस्था, निवेश, संपर्क, नवाचार और संस्कृति जैसे क्षेत्रों पर चर्चा होगी।मंत्रालय ने बयान में कहा कि भारत एससीओ की विभिन्न व्यवस्थाओं में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है।

जम्मू में चीन से जुड़े खुफिया नेटवर्क से शेयर कर रही थी डिटेल

चीन से जुड़े खुफिया तत्व भी शामिल बताए जा रहे हैं

एजेंसी ➤ नई दिल्ली

जम्मू के गांधी नगर थाने में एक महिला के खिलाफ देश की खुफिया और संवेदनशील जानकारियां विदेशी एजेंटों को देने के आरोप में केस दर्ज किया गया है।जम्मू में संवेदनशील सूचनाएं विदेशी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में गांधी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, महिला पर आरोप है कि वह संवेदनशील सूचनाएं एकत्र कर विदेशी खुफिया ऑपरेटिव्स के साथ साझा कर रही थी। इनमें चीन से जुड़े खुफिया तत्व भी शामिल बताए जा रहे हैं।



जांच आगे बढ़ाई

पुलिस ने इस मामले में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम (और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है।जानकारी के अनुसार, पुलिस ने महिला से पूछताछ की है और फिलहाल उसे छोड़ दिया है। जांच के तहत महिला के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी में जांच के लिए भेजा गया है।

काशी में रामलीला से पहले हाथी बेकाबू, महावत को पटका

वाराणसी। हाथी आजमगढ़ से लाया गया था। इसी पर सवार होकर काशीराज परिवार के डॉ. अनंत नारायण सिंह के बेटे रामलीला देखते हैं। हाथी आजमगढ़ से लाया गया था। इसी पर सवार होकर काशीराज परिवार के डॉ. अनंत नारायण सिंह के बेटे रामलीला देखते हैं।वाराणसी की मशहूर रामलीला में आजमगढ़ से आया हाथी अचानक बेकाबू हो गया। इधर-इधर भागने लगा। आसपास रखी चीजों को सूंड से उठाकर फेंकने लगा। बिजली के खंभे तोड़ दिए। दीवारें और दुकानें भी तोड़ दीं। यह देखकर आसपास मौजूद लोग जान बचाकर भागे।महावत ने काबू में करने की कोशिश की तो हाथी ने उसे सूंड से उठाकर पटक दिया। दांतों और पैरों से भी कुचलने की कोशिश की। महावत को 50 टांके लगे हैं।घटना पंचवटी मैदान में रविवार सुबह 10.30 बजे की है। महावत छापलू तीन हाथियों को खाना देने जा रहा था, तभी उनमें से एक हाथी भड़क गया। वह मैदान से निकलकर सड़क पर भागने लगा।सूचना पर पहुंची पुलिस ने 2 किमी. के इलाके को सील कर दिया है। आने-जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग की है।

7 गिरफ्तार, घायलों से मिले अमित शाह

कोलकाता दुर्गा पंडाल भगदड़ मामले मृतकों के नाम आए

एजेंसी ➤ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कलकत्ता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ में घायल हुए लोगों से मुलाकात की और उनका हाल जाना।कोलकाता के चोरबागान सार्वजनिन दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ में 19 लोगों की मौत हो गई, वहीं कई लोग जख्मी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार (18 अक्टूबर) को कलकत्ता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घायलों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।इससे पहले, अमित शाह ने



मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और इस घटना को बेहद दुखद बताया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने स्थिति का जायजा लेने के लिए पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी से बात की है।

रने वालों में अभिषेक श्रीवास्तव (38) मुजफ्फरपुर, अयान श्रीवास्तव मुजफ्फरपुर, संदीप भेज (14) पूर्व बर्धमान, श्रीपर्णा पोद्दार (26) बैद्यबती। मिठू मंडल (45) श्यामपुकुर, आकृति कुमारी (17) बल्ली, बरनाली हलदर (17) न्यूटाउन, शुभम सोनकर (33) मानिकतला, आरती सरकार विश्वास (45) चकदाहा, टेगर भेज (37) पूर्व बर्धमान, टेगर भेज (37) पूर्व बर्धमान, संदीप भेज (14) पूर्व बर्धमान, तानिया बिस्वास (18) न्यूटाउन, कल्पना जाना (46) पानीहाटी, विकास भट्टाचार्य (66) मालीपंचघरा, स्नेहा भंडारी (20) एग्रोग्राम, पियाली प्रमाणिक (25) आरामबाग, प्रिया समद्दर (18) न्यू बैरकपुर, दिलीप घोष (59) बारानगर शामिल हैं। वहीं एक अन्य मृतक की पहचान नहीं हुई है।

पुलिस ने दर्ज किया मामला

इधर कोलकाता पुलिस ने इस घटना के संबंध में 'गैर-इरादतन हत्या' (जो हत्या की श्रेणी में नहीं आती) का स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। इस दुखद घटना के बाद, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोलकाता पुलिस ने शहर के 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

न्यूज इन शॉर्ट



मछली पालन से बदली भुनेश्वरी की जिंदगी, हर महीने कमा रहीं 10 हजार रुपए

सारंगढ़-बिलाईगढ़, । कभी सीमित आर्थिक संसाधनों के बीच परिवार की आजीविका चलाने वाली ग्राम धनगांव की भुनेश्वरी आज मछली पालन से प्रतिमाह 10 हजार रुपए की आमदनी अर्जित कर आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गई हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। वंदना स्वयं सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की, बल्कि लखपति दीदी के रूप में गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा भी बनी हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए संचालित बिहान योजना का लाभ भुनेश्वरी को मिला। योजना के अंतर्गत समूह के माध्यम से प्राप्त 60 हजार रुपए की सामुदायिक सहायता एवं 15 हजार रुपए के ऋण ने उनके स्वरोजगार का रास्ता खोला। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने मछली पालन का व्यवसाय शुरू किया। मेहनत, लगन और बेहतर प्रबंधन से उनका व्यवसाय आगे बढ़ा और आज वे प्रतिमाह लगभग 10 हजार रुपए अर्जित कर रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और आजीविका गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से भुनेश्वरी जैसी महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर मिल रहे हैं। भुनेश्वरी की सफलता बताती है कि शासन की योजनाओं से मिलने वाला आर्थिक सहयोग और स्वयं की मेहनत मिलकर ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन की तैयारियां शुरू, 23 से 30 अक्टूबर तक ग्राम सभाओं का होगा आयोजन

सारंगढ़-बिलाईगढ़, । छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम एवं उप निर्वाचन 2026 के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने तथा पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्रीमती पद्मिनी भोई साहू द्वारा जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगर पालिका अधिकारियों को आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ।राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने के प्रथम चरण में 5 अक्टूबर 2026 से रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 21 अक्टूबर 2026 को निर्वाचक नामावली का मुद्रण एवं सॉफ्टवेयर अभिलेखों की उपलब्धता की व्यवस्था की जाएगी। इसके पश्चात 23 अक्टूबर 2026 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा तथा दावा-आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू होगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर 2026 को किया जाना निर्धारित है ।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि 23 से 30 अक्टूबर 2026 के बीच जिले के ग्राम सभा एवं नगरीय क्षेत्रों में वार्ड सभाओं का आयोजन कर निर्वाचक नामावली का वाचन कराया जाए। इस दौरान मतदाता सूची में नामों की शुद्धता सुनिश्चित करने, पात्र मतदाताओं के नाम शामिल करने तथा आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचक नामावली त्रुटिरहित तैयार करने के लिए निर्धारित कार्यक्रम का कड़ाई से पालन करने तथा ग्राम सभा एवं वार्ड सभा की कार्यवाही का विवरण तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आयोजित सभाओं की जानकारी एवं अनुपालन प्रतिवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने को कहा गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करें, ताकि त्रिस्तरीय पंचायत आम एवं उप निर्वाचन की निर्वाचक नामावली तैयार करने तथा पुनरीक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

मनेंद्रगढ़ में दशहरा उत्सव की भव्य तैयारियां: स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की उपस्थिति में होगा 55 फीट ऊंचे रावण का दहन

युवा मंच मनेंद्रगढ़ के तत्वावधान में आत्मानंद स्कूल मैदान में 21 अक्टूबर को रात 9 बजे होगा रावण व मेघनाद दहन; शहडोल के कारीगरों ने तैयार किया विशालकाय पुतला

महेंद्र शुक्ला ➤ मनेंद्रगढ़



असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी (दशहरा) पर्व मनेंद्रगढ़ में इस वर्ष भी पूर्ण भव्यता और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। प्रतिवर्ष की परंपरा को कायम रखते हुए युवा मंच मनेंद्रगढ़ के तत्वावधान में इस विशाल दशहरा महोत्सव का आयोजन स्थानीय हाईस्कूल ग्राउंड (स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान) में किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 21 अक्टूबर (मंगलवार) को रात ठीक 9 बजे होने वाला विशालकाय रावण और मेघनाद का दहन तथा नयनाभिराम भव्य आतिशबाजी होगी।

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल होंगे मुख्य अतिथि

इस भव्य एवं गरिमामयी आयोजन में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्यामबिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उनके साथ ही क्षेत्र के अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक विशिष्ट आतिथ के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के कारीगरों ने दिया पुतले को आकार

इस बार रावण दहन का नजारा बेहद खास और विहंगम होने वाला है। आयोजकों के अनुसार इस वर्ष मैदान में 55 फीट ऊंचे विशालकाय रावण का दहन किया जाएगा। रावण के साथ-साथ मेघनाद के पुतले का भी दहन होगा। इन पुतलों के निर्माण के लिए पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के शहडोल जिले से विशेष कारीगरों को बुलाया गया है, जो रात-दिन एक कर पुतलों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। दहन के दौरान होने वाली आतिशबाजी पूरे मनेंद्रगढ़ के आसमान को सतरंगी रोशनी से सराबोर कर देगी। युवा मंच की टीम तैयारियों में जुटी दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए युवा मंच मनेंद्रगढ़ की पूरी टीम मुस्तैदी से जुटी हुई है।

कलेक्टर ने निर्माण-एजेंसियों की बैठक में दिए निर्देश, स्कूलों में स्मार्ट टॉयलेट पर भी चर्चा

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने निर्माण एजेंसियों की बैठक में भवन निर्माण से जुड़े सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। नवा रायपुर में बनने वाली हाईराइज बिल्डिंग में अग्नि सुरक्षा, पानी की पर्याप्त उपलब्धता और पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने निर्माण एजेंसियों की बैठक में भवन निर्माण से जुड़े सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण के दौरान सुरक्षा से जुड़े सभी जरूरी इंतजामों को प्राथमिकता दी जाए। रेडक्रॉस सभाकक्ष में शुक्रवार को हुई बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के स्वीकृत, प्रगतिरत और अब तक शुरू नहीं हुए निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), शिक्षा विभाग, नगर निगम और जिला पंचायत सहित अन्य विभागों के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी स्वीकृत निर्माण कार्यों को तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।बैठक में रायपुर ग्रामीण की पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने हाईराइज बिल्डिंग में पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया पर्याप्त पार्किंग सुनिश्चित करने के निर्देश बैठक में रायपुर ग्रामीण की पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने हाईराइज बिल्डिंग में



पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वहीं, कलेक्टर ने भवन में अग्निशमन व्यवस्था और पानी की उपलब्धता के साथ सुरक्षा के दूसरे जरूरी इंतजामों को भी प्राथमिकता देने को कहा, ताकि भवन के उपयोग के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। स्कूलों में स्मार्ट टॉयलेट का काम जल्द पूरा करें कलेक्टर ने समग्र शिक्षा के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी है।

शासकीय उद्यान रोपणी लालपुर में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण संपन्न

60 कृषकों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने सीखी आधुनिक उद्यानिकी तकनीकें

एक सत बुलेटिन ➤ गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,



राज्य पोषित योजना के तहत उद्यानिकी विभाग द्वारा शासकीय उद्यान रोपणी लालपुर, विकासखंड गौरेला में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक संचालक उद्यानिकी डॉ. कमलेश दीवान के मार्गदर्शन में बीते शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण में 60 कृषकों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आधुनिक उद्यानिकी तकनीकों को बढ़ावा देकर उत्पादन लागत कम करना, फसलों की गुणवत्ता बढ़ाना तथा किसानों की आय में वृद्धि करना रहा। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चार सत्रों में आयोजित प्रशिक्षण में वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी अर्जुन सिंह मरावी ने ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग, उन्नत सब्जी उत्पादन तथा जल संरक्षण की तकनीकों की जानकारी दी। उद्यान प्रभारी ठाकुर मुकुंद माधव सिंह ने कोकोपीट एवं खाद के मिश्रण से गुणवत्तायुक्त पौध (थरहा) तैयार करने तथा फसलों में रोग एवं कीट प्रबंधन के वैज्ञानिक उपाय बताए। प्रशिक्षण के दौरान आम के पौधों में ग्राफ्टिंग (कलम बांधना) तथा लीची एवं नींबू के पौधों में गुटी बांधने की विधि का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों ने स्वयं इन तकनीकों का अभ्यास भी किया।

प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में मशरूम उत्पादन, अतिरिक्त आय के अवसरों तथा उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। एआईसी के जिला समन्वयक विमल चौधरी ने उद्यानिकी फसलों के बीमा, फसल जोखिम से सुरक्षा एवं बीमा योजनाओं के लाभों की जानकारी देते हुए पात्र कृषकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कृषि स्थायी समिति गौरेला की सभापति श्रीमती सीता मुकेश सोनवानी, जनपद सदस्य श्रीमती सविता राठौर, ग्राम पंचायत लालपुर की सरपंच श्रीमती इंदरनिया बाई एवं वरिष्ठ नागरिक पप्पू नरवरिया उपस्थित थे। अतिथियों ने कृषकों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी अर्जुन सिंह मरावी ने आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण से कृषकों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को उद्यानिकी आधारित आजीविका एवं आय संवर्धन की उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई।

पारस इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजुकेशन के बच्चों का कोलम्बिया यूनिवर्सिटी मे प्रशिक्षण सम्पन्न

एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर







पारस इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन के बच्चों का गत दिवस कोलंबिया यूनिवर्सिटी रायपुर में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ है. जहाँ छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान पारस इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन रायपुर द्वारा अपने विद्यार्थियों के लिए कोलंबिया यूनिवर्सिटी रायपुर में एक विशेष प्रशिक्षण और शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ. जहाँ रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न संस्थान से लगभग 200 बच्चों ने इस कार्यक्रम मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया.

जहाँ पारस इंस्टिट्यूट भाठागांव व अमलेश्वर सेंटर ब्रांच के साथ नगर पंचायत भटगांव के प्रखर कंप्यूटर एजुकेशन और सिमगा के तक्षशिला कंप्यूटर सेंटर के बच्चों की विशेष उपस्थिति रही।

प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों का विजिट किया। बच्चों को कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, तकनीकी विभाग और मैनेजमेंट विभाग के बारे में विस्तार से जानकारी ली और उनके कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का मौका मिला।

इसके बाद यूनिवर्सिटी सभागार में बच्चों और शिक्षकों के बीच विभिन्न विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में करियर निर्माण, उच्च शिक्षा, नई तकनीकों और भविष्य के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान कोलंबिया यूनिवर्सिटी रायपुर के कुलसचिव, रजिस्ट्रार, एमडी, प्राध्यापक और स्टाफ के साथ विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

जहाँ पारस इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजुकेशन रायपुर के डायरेक्टर कविता कुम्भज ,अमलेश्वर ब्रांच से राहुल कुम्भज, प्रखर कंप्यूटर एजुकेशन भटगांव के डायरेक्टर के. पी.पटेल,तक्षशिला कंप्यूटर सेंटर सिमगा के डायरेक्टर दीपक साहू,

बिट बाइट इंफोटेक कंप्यूटर सेंटर रायपुर के डायरेक्टर रिया गुप्ता उपस्थित रहे. इस पूरे प्रशिक्षण को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। बच्चों ने इसे अपने करियर के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया।

कलेक्टर के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने शुरू किया मरम्मत कार्य

सरसीवा-हसौद मार्ग पर सड़कों के गड्ढों की मरम्मत और डामरीकरण कार्य में तेजी

बरसात के बाद सड़क सुधार कार्यों को प्राथमिकता, ग्रामीणों एवं वाहन चालकों को मिलेगी आवागमन में राहत

एक सत बुलेटिन ➤ सारंगढ़-बिलाईगढ़







, जिले में बरसात के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं संधारण कार्यों में तेजी लाई गई है। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा सरसीवा-हसौद मार्ग पर सड़क के गड्ढों को भरने और क्षतिग्रस्त हिस्सों में डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों, यात्रियों एवं वाहन चालकों को आवागमन में राहत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि बरसात के दौरान लगातार बारिश से जिले के विभिन्न मार्गों की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। जगह-जगह गड्ढे बनने से आम नागरिकों, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जनसुविधा एवं सुरक्षित आवागमन को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर श्रीमती साहू ने समय-सीमा की बैठक में सड़कों की स्थिति की समीक्षा कर लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित निर्माण एजेंसियों को बरसात के बाद तत्काल मरम्मत एवं संधारण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए थे।

इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग द्वारा सरसीवा-हसौद मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों में गड्ढों की मरम्मत एवं डामरीकरण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। सड़क की सतह दुरुस्त होने से वाहनों की आवाजाही सुगम होगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आवागमन करने वाले नागरिकों को सुविधा मिलेगी। इस मार्ग के सुधरने से स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों एवं दैनिक आवागमन में भी सहूलियत होगी।

जिला प्रशासन द्वारा जिले की सड़कों को बेहतर बनाने तथा आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सड़क मरम्मत एवं संधारण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

न्यूज इन शॉर्ट

ध्यान से देखें इस चेहरे को! रायगढ़ में नाबालिग से दुष्कर्म; भाई का दोस्त निकला आरोपी

रायगढ़ । छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान संवेदना के तहत खरसिया चौकी पुलिस ने आरोपी जीवन लाल यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।द्यह्य॰ ऋद्धुस्र - रायपुर के गरबा महोत्सव में पहुंचीं कंगना रनौत, बृजमोहन अग्रवाल ने किया स्वागत ज्यादा जानें नशीली दवाओं की जानकारी समाचार सदस्यता छत्तीसगढ़ समाचार पीड़िता की मां ने पुलिस चौकी पहुंचकर की शिकायत पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 16 अक्टूबर 2026 को पीड़िता की मां खरसिया पुलिस चौकी पहुंचीं और अपनी नाबालिग बेटी के साथ हुए कथित अपराध की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षु उप निरीक्षक प्रिया साहू को शिकायत दर्ज करने और पीड़िता का बयान लेने की जिम्मेदारी सौंपी। पुलिस ने पीड़िता और उसके परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

गोवंश हत्या के आरोपियों को देख भड़के हिंदू संगठन, पुलिस से झड़प

राजनांदगांव। गौरी नगर में गोवंशों की हत्या के मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान शनिवार को शहर में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों का शहर में जुलूस निकाला और उनसे उठक-बैठक भी कराई। इसके बाद आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस बीच आरोपियों को न्यायालय में पेश किए जाने की सूचना मिलते ही हिंदू संगठनों के पदाधिकारी वहां पहुंच गए। आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग को लेकर पहुंचे पदाधिकारी उन्हें देखते ही आक्रोशित हो गए। इस दौरान पुलिस और हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों के बीच जमकर झड़प हुई। न्यायालय परिसर में उस समय काफी गहमागहमी का माहौल बन गया, जब हिंदू संगठन के पदाधिकारी आरोपितों के करीब पहुंचने का प्रयास करने लगे।स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी। कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपितों को सुरक्षित पुलिस वाहन में बिठाया और न्यायालय परिसर से बाहर निकालकर जेल दाखिल करा दिया।घटना को देखते हुए न्यायालय परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में वर्दीधारी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। वहीं, किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सिविल ड्रेस में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। पुलिस की सतर्कता के चलते आरोपितों को सुरक्षित जेल पहुंचाया गया।

गोवंश हत्या के मामले को लेकर हिंदू संगठनों में पहले से ही आक्रोश था। शुक्रवार रात संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कोतवाली थाने का घेराव कर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद सर्विस रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी रात 12 बजे तक सड़क पर डटे रहे और आरोपितों को सख्त सजा देने की मांग करते रहे। शनिवार को आरोपितों को न्यायालय में पेश किए जाने के दौरान एक बार फिर तनाव की स्थिति बन गई।

स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनीं- सोनिया साहू

दुर्ग। स्व-सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही हैं। शासन की योजनाओं और प्रशिक्षण का लाभ लेकर महिलाएं न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी ग्राम बोडेगांव निवासी सोनिया साहू की है। स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया और आज ग्रामीण ननकट्टी में बैंक सखी के रूप में कार्यरत हैं। इस कार्य के माध्यम से उन्हें लगभग 3,000 रुपये प्रतिमाह की आय प्राप्त हो रही है।

यातायात व्यवस्था बेपटरी, सोनालिया पुल से ओवरब्रिज तक महाजाम, घंटों फंसे रहे वाहन

एक सत बुलेटिन ➤ कोरबा

छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नगरी कोरबा में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। शहर के प्रमुख मार्गों पर दिनदहाड़े लग रहे लंबे जाम ने आम नागरिकों की परेशानी बढ़ा दी है। सोनालिया पुल से लेकर कोरबा शहर तक वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। स्थिति यह है कि नीचे की सड़क के साथ ऊपर बना ओवरब्रिज भी जाम की चपेट में आ गया है। बड़ी संख्या में वाहन सड़क पर फंसे हुए हैं और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

सोनालिया पुल से ओवरब्रिज तक वाहनों की लंबी कतार

जानकारी के अनुसार, कोरबा के सोनालिया पुल और आसपास के प्रमुख मार्गों पर यातायात का भारी दबाव देखने को मिल रहा है। सोनालिया से पुरी होते हुए कोरबा की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। सड़क पर चारपहिया और दोपहिया वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। हालत यह है कि वाहन चालकों को कुछ दूरी तय करने के लिए भी काफी समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। ओवरब्रिज पर भी वाहनों के पहिए थमने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। सामान्य



दिनों में आवागमन के लिए उपयोग होने वाले इस प्रमुख मार्ग पर जाम ने यातायात व्यवस्था की स्थिति उजागर कर दी है।

दिनदहाड़े जाम, चौक-चौराहों से ट्रैफिक पुलिस नदारद

स्थानीय स्तर पर सामने आई जानकारी के मुताबिक, शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मी नजर नहीं आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब दिन के समय ही शहर की सड़कों पर इतनी अव्यवस्था है तो शाम को यातायात का दबाव बढ़ने पर स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रमुख मार्गों पर लगातार लग रहा जाम इस बात की ओर इशारा करता है कि वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त इंतजाम की जरूरत है।

नवरात्रि के दौरान बढ़ी वाहनों की आवाजाही

त्योहारी सीजन के कारण बाजारों, धार्मिक स्थलों और शहर के प्रमुख मार्गों पर लोगों की आवाजाही बढ़ी हुई है। नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालु पूजा-अर्चना और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में निकल रहे हैं। ऐसे समय में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है। शहर के व्यस्त मार्गों पर जाम लगने से नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कामकाज पर भी पड़ रहा जाम का असर

कोरबा औद्योगिक नगरी होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपने कार्यस्थलों तक पहुंचने के लिए सड़कों का उपयोग करते हैं। सोनालिया पुल और ओवरब्रिज पर लग रहे जाम के कारण लोगों को समय पर कार्यालय, दुकान और अन्य कार्यस्थलों तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। वाहनों की लंबी कतारों के बीच दोपहिया वाहन चालकों को भी आगे निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों को जाम खुलने का इंतजार करना पड़ रहा है।

:कोरबा के 3-4 वार्डों में पानी की सप्लाई बाधित; हैंडपंप-बोर से पानी जुटा रहे लोग

अंडरब्रिज निर्माण के दौरान नगर निगम की पाइपलाइन टूटी

एक सत बुलेटिन ➤ कोरबा

कोरबा के सोनालिया फाटक के पास रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के दौरान जेसीबी से खुदाई करते समय नगर निगम की मेन पाइपलाइन टूट गई। पाइप फटने से पानी गड्ढे में भरने लगा। इसके बाद शहर के कई क्षेत्रों में जल आपूर्ति बाधित हो गई।पाइपलाइन टूटने से संजय नगर, मोती सागर पारा समेत 3-4 वार्डों में पिछले कई दिनों से पानी की सप्लाई प्रभावित है। वार्ड नंबर 8 के पूर्व पार्षद सुफल दास महंत ने बताया कि फाटक पर अंडरब्रिज निर्माण के दौरान काम कर रही कंपनी ने नगर निगम की मेन पाइपलाइन क्षतिग्रस्त कर दी। इससे वार्डों में जल आपूर्ति बाधित हो गई है।

त्योहार के समय पानी के लिए परेशान लोग

सुफल दास महंत ने बताया कि त्योहार के दिन चल रहे हैं। इसके बावजूद वार्डों में पानी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। लोग आसपास के बोर, हैंडपंप और पुराने कुओं से पानी जुटा रहे हैं। त्योहार के समय पानी जैसी मूलभूत सुविधा नहीं मिलने से लोगों में आक्रोश है।

उन्होंने कहा कि निगम के अधिकारियों और ठेकेदार को जल्द से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत करानी चाहिए। निर्माण कार्य के दौरान सावधानी बरती जानी चाहिए थी, ताकि लोगों को



परेशानी न हो।

जल्द मरम्मत कर जल आपूर्ति बहाल करने की मांग

स्थानीय लोगों ने बताया कि पानी नहीं आने से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। लोग आसपास के हैंडपंप और दूसरे लोगों के घरों से पानी लाने को मजबूर हैं। लोगों ने इसे निर्माण कार्य में लापरवाही बताते हुए निगम प्रशासन से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कर जल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

रायपुर में रावण का पुतला 15 से 20 प्रतिशत महंगा

कई जगह रामलीला, भजन-जैमिंग और आतिशबाजी का भी इंतजाम



एक सत बुलेटिन ➤ रायपुर

इस बार रायपुर में रावण का पुतला बनाने की लागत में करीब 15 से 20त्न की बढ़ोतरी हुई है। क्योंकि बांस, कागज, रंगीन कागज, कपड़ा, पेंट और सजावट में इस्तेमाल होने वाले दूसरे सामान की बढ़ती कीमतों की वजह से लागत बढ़ गई है।20 अक्टूबर को दशहरा पर कई मैदानों में रावण दहन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मैदान में 101 फीट ऊंचे रावण का दहन मुख्य आकर्षण रहेगा। बोरियाखुर्द में रावण के साथ कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले भी जलाए जाएंगे।बूढ़ापारा के सप्रे स्कूल मैदान में 50 फीट का रावण जलेगा, जबकि शंकर नगर के बीटीआई मैदान में दशहरा उत्सव की तैयारियां की जा रही हैं। अलग-अलग जगहों पर भजन, रामलीला और आतिशबाजी के कार्यक्रम होंगे।डब्ल्यूआरएस मैदान में रावण दहन देखने के लिए करीब 5 लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान है। यहां 101 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच किया जाएगा। भगवान श्रीराम के स्वरूप द्वारा अग्निबाण चलाकर रावण दहन किया जाएगा।बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा, पार्किंग और यातायात व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। मैदान में पेयजल, रोशनी, मोबाइल शौचालय, प्राथमिक इलाज केंद्र और एंबुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी।

बोरियाखुर्द में रामलीला और भजन होंगे आकर्षण

बोरियाखुर्द के खेल मैदान में दशहरा सांस्कृतिक महोत्सव के दौरान 45 फीट ऊंचे रावण, 30-30 फीट के कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। दिन में पतंग उत्सव होगा। दोपहर 4 बजे सांस्कृतिक नृत्य और योग प्रदर्शन होंगे।

शाम 5 बजे भगवान श्रीराम, माता सीता की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन किया जाएगा। शाम 5ः30 बजे रामलीला का मंचन होगा। इसके बाद पुतलों का दहन और आतिशबाजी होगी। रात 8 बजे उज्जैन के भजन गायक सन्नी अलबेला और उनकी टीम भजनों की प्रस्तुति देगी।रायपुर के रावणभाठा मैदान में भी नगर निगम की ओर से यहां पुतला दहन कार्यक्रम के लिए साफ-सफाई, रोशनी, पेयजल और अग्निशमन जैसी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यहां बड़ी संख्या में लोग रावण दहन देखने पहुंचते हैं।

सप्रे स्कूल मैदान में शाम 6 बजे जलेगा 50 फीट का रावण

बूढ़ापारा स्थित सप्रे स्कूल मैदान में शाम 4 बजे से भजन जेमिंग के साथ उत्सव शुरू होगा। इसमें स्थानीय और अन्य भजन गायक भगवान श्रीराम और माता दुर्गा के भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे। शाम 6 बजे श्रीराम-लक्ष्मण की झांकी के जरिए 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।इसके बाद शाम 6ः30 बजे आतिशबाजी होगी। बूढ़ापारा दशहरा उत्सव समिति पिछले 15 वर्षों से यहां आयोजन कर रही है। समिति की ओर से लोगों के बैठने, मंच और रोशनी की व्यवस्था की जा रही है।

बीटीआई मैदान में भूमिपूजन के साथ तैयारियां शुरू

शंकर नगर स्थित बीटीआई मैदान में खम्हारडीह सार्वजनिक दशहरा और सांस्कृतिक समिति की ओर से उत्सव आयोजित किया जाएगा। आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने भूमिपूजन कर किया।

अवैध शराब के खिलाफ बड़ा एक्शन, 32 पौवा के साथ युवक गिरफ्तार

संवाददाता ➤ रायपुर

राजधानी रायपुर में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन और भंडारण के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में टिकरापारा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से देशी शराब बेचने की तैयारी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी मसाला मदिरा जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 3,200 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी को अवैध शराब की सप्लाई कहां से मिल रही थी और इस कारोबार में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की घेराबंदी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 17 अक्टूबर 2026 को टिकरापारा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लालपुर की ओर से शहर के अंदर जाने वाले रास्ते पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। युवक ने नीले रंग की टी-शर्ट और जींस पहन रखी थी। उसके पास एक प्लास्टिक की बोरी थी, जिसमें अवैध देशी शराब रखी हुई थी। सूचना के मुताबिक, युवक शराब बेचने के उद्देश्य से किसी व्यक्ति का इंतजार कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आसपास घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया।

प्लास्टिक की बोरी से निकली 32 पौवा शराब

पुलिस ने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके पास मौजूद प्लास्टिक की बोरी से 32 पौवा देशी मसाला मदिरा बरामद हुई। प्रत्येक पौवा में 180 मिलीलीटर शराब थी। इस प्रकार पुलिस ने कुल 5 लीटर 760 मिलीलीटर शराब जब्त की, जिसकी कीमत लगभग 3,200 रुपये आंकी गई है।

जांच कर रही है कि भूमि विक्रय से जुड़े दस्तावेज वैध थे या नहीं

बिलासपुर में जमीन के नाम पर 10 लाख की ठगी, आरोपी प्रफुल्ल झा

एक सत बुलेटिन ➤ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में जमीन की खरीद-बिक्री के नाम पर 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। दयालबंद निवासी विशालचंद्र केसरी ने भारतीय नगर निवासी प्रफुल्ल झा पर दूसरे व्यक्तियों के नाम दर्ज जमीनों को खुद से अनुबंधित बताकर बेचने और एडवांस रकम लेने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, जमीन का सौदा होने और 10 लाख रुपए देने के बावजूद आरोपी ने रजिस्ट्री नहीं कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (की धारा 318(4), 336, 338 और 340 के तहत अपराध दर्ज कर प्रफुल्ल झा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

70 लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से हुआ था सौदा

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, प्रफुल्ल झा ने



बिलासपुर के अमेरी क्षेत्र में स्थित कई जमीनों को अपने से अनुबंधित बताया था। आरोप है कि उसने इन जमीनों को 70 लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से बेचने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद 10 दिसंबर 2025 को दोनों पक्षों के बीच जमीन की खरीद-बिक्री को लेकर अनुबंध किया गया। शिकायतकर्ता विशालचंद्र केसरी का कहना है कि उन्होंने सौदे के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से 10 लाख रुपए एडवांस के रूप में दिए थे। रकम देने के बाद उन्हें जमीन की रजिस्ट्री होने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

दूसरे के नाम दर्ज जमीन का सौदा करने का आरोप

शिकायतकर्ता के मुताबिक, अनुबंध में शामिल कुछ जमीनें राजस्व रिकॉर्ड में अन्य व्यक्तियों के नाम दर्ज थीं। इनमें खसरा नंबर 232 की 0.2430 हेक्टेयर जमीन चंद्रकली बाई के नाम दर्ज होने की बात कही गई है। शिकायत में उल्लेख है कि चंद्रकली बाई गोंड आदिवासी समुदाय से संबंधित थीं। आरोप है कि संबंधित जमीन को सामान्य वर्ग की भूमि बताकर सौदे में शामिल किया गया। इसके साथ ही जमीन के वास्तविक स्वामित्व और विक्रय अधिकार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई गई। पुलिस अब इन आरोपों और संबंधित भूमि दस्तावेजों की जांच कर रही है।

10 लाख लेने के बाद रजिस्ट्री में टालमटोल

विशालचंद्र केसरी ने शिकायत में बताया कि एडवांस रकम देने के बाद उन्होंने कई बार प्रफुल्ल झा से संपर्क कर जमीन की रजिस्ट्री कराने को कहा। आरोप है कि हर बार उन्हें अलग-अलग कारण बताकर टाल दिया गया। बार-बार संपर्क करने के बावजूद रजिस्ट्री नहीं होने पर शिकायतकर्ता को धोखाधड़ी की आशंका हुई। इसके बाद उन्होंने जमीन से संबंधित दस्तावेजों और अनुबंध की जानकारी जुटानी शुरू की।

मुख्तियारनामा की वैधता पर भी उठे सवाल

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रफुल्ल झा ने कृष्णा दुआ के नाम से जारी मुख्तियारनामा के आधार पर जमीन बेचने का अधिकार होने की बात कही थी। हालांकि, बाद में शिकायतकर्ता को कथित तौर पर जानकारी मिली कि संबंधित मुख्तियारनामा जमीन की बिक्री के लिए अधिकृत नहीं था। इसके अलावा दस्तावेज की प्रामाणिकता पर भी सवाल उठाए गए हैं। पुलिस इन आरोपों की जांच कर रही है कि भूमि विक्रय से जुड़े दस्तावेज वैध थे या नहीं।

न्यूज इन शॉर्ट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूपी के बलरामपुर में हुई दुर्घटना पर किया दुःख व्यक्त

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में हुई दुर्घटना में जनहानि पर दुःख व्यक्त किया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्स पर कहा कि दुर्घटना अत्यंत ही दुःखद एवं पीड़ादायक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगतों को अपने श्रीचरणों में स्थान देने, शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर में हुई दुर्घटना पर किया दुःख व्यक्त

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शनिवार-रविवार दरमियानी रात ग्वालियर में हुए ट्रक हादसे में श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार अत्यंत ही हृदयविदारक है। दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार सभी प्रभावित परिवारों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्स पर कहा कि राज्य शासन की ओर से मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये, गंभीर घायलों को 2-2 लाख रूपये और अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। सभी घायलों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रभावित परिवार ग्वालियर, शिवपुरी और श्योपुर से हैं। मंत्रीद्वय श्री एदल सिंह कंषाना और श्री राकेश शुक्ला को यथाशीघ्र ग्वालियर पहुंचने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगतों को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजनों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की प्रार्थना की है।

एचपीई की अप्रेंटिसशिप ड्राइव में विदिशा जिले के 9 युवाओं का चयन

विदिशा । कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले के युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बैंगलोर की प्रतिष्ठित आईटी कंपनीद्वारा कॉमर्स ग्रेजुएट युवाओं के लिए अप्रेंटिसशिप ड्राइव का आयोजन किया गया। ड्राइव में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से कुल 119 युवाओं ने सहभागिता की, जिनमें से 9 युवाओं का चयन अप्रेंटिसशिप के लिए किया गया है।चयन प्रक्रिया के माध्यम से जिले के युवाओं को प्रतिष्ठित आईटी कंपनी के साथ कार्य करने और व्यावसायिक क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला है। अप्रेंटिसशिप के दौरान युवाओं को कार्यस्थल की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कौशल को विकसित करने तथा भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। अप्रेंटिसशिप ड्राइव में चयनित युवाओं में जागृति बघेल, शासकीय महाविद्यालय विदिशा; तनीशा साहू, गर्ल्स कॉलेज गंजबासौदा; सागर पटेल, एल.बी.एस. कॉलेज गंजबासौदा; शरद कुशवाह एवं सूर्यांश वर्मा, एल.बी.एस. कॉलेज सिरोंज; आशी सरदेशी एवं कुलदीप पटवा, जैन कॉलेज विदिशा; पुष्पेंद्र, वात्सल्य कॉलेज विदिशा तथा प्रियांशु चतुर्वेदी शामिल हैं।जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों से जोड़ने की यह पहल रोजगारोन्मुखी अवसरों के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे युवाओं को अपनी शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ व्यावहारिक एवं व्यावसायिक कौशल विकसित करने का अवसर मिलेगा।कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा युवाओं की क्षमता और योग्यता के अनुरूप रोजगार, प्रशिक्षण एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि जिले के अधिक से अधिक युवाओं को प्रतिष्ठित संस्थानों एवं कंपनियों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भरता और बेहतर कैरियर की दिशा में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर स्मारक के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होगा स्मारक, प्रथम चरण में 40 करोड़ रुपये के कार्य प्रस्तावित

ऐतिहासिक लालबाग पैलेस, रामपुर कोठी, चंपा बावड़ी और शिव मंदिर को एकीकृत विकास योजना में शामिल करने के निर्देश

एक सत बुलेटिन ➤ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर के लालबाग पैलेस के समीप निर्माणाधीन लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर स्मारक के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्मारक का समग्र विकास करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लालबाग पैलेस, रामपुर कोठी, चंपा बावड़ी और शिव मंदिर को एकीकृत विकास योजना में शामिल किया जाए, ताकि पर्यटक इन सभी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का एक साथ अवलोकन कर सकें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐतिहासिक रामपुर कोठी के जीर्णोद्धार कार्यों का अवलोकन किया। भवन की ऐतिहासिक पहचान बनाए रखने के लिए पारंपरिक चूना तकनीक से बाहरी दीवारों का संरक्षण तथा छतों पर वॉटर प्रूफिंग का कार्य किया



जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि संरक्षण के दौरान भवन के मूल स्थापत्य स्वरूप और ऐतिहासिक महत्व को सुरक्षित रखते हुए आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों के प्रगति की सतत रूप से उन्हें जानकारी दी जाए तथा निर्धारित समय अवधि में कार्य पूर्ण किया जाए।

पुराने आरटीओ भवन एवं रामपुर कोठी की भूमि पर विकसित किए जा रहे इस स्मारक की अनुमानित लागत लगभग 150 करोड़ रुपये है। इसके प्रथम चरण में करीब 40 करोड़ रुपये के कार्य प्रस्तावित हैं। परियोजना का उद्देश्य लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन, न्यायप्रियता, सुशासन, जनसेवा और सांस्कृतिक योगदान को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना है।

3डी प्रोजेक्शन, लाइट एंड साउंड शो और संग्रहालय होंगे आकर्षण

स्मारक में आधुनिक तकनीक के माध्यम से लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन और योगदान को प्रदर्शित करने की योजना है। इसके अंतर्गत डिजिटल प्रस्तुतियां, 3डी प्रोजेक्शन, चित्र एवं म्यूरल्स, लाइट एंड साउंड शो तथा संग्रहालय विकसित किए जाएंगे। इनके माध्यम से विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और पर्यटकों को उनके सुशासन, न्यायप्रियता, जनकल्याणकारी कार्यों तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण में योगदान को जानने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि प्रवेश मार्ग और परिसर की रूपरेखा पर्यटकों की सुविधा के अनुरूप तैयार की जाए तथा सभी ऐतिहासिक स्थलों के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया जाए। देवी अहिल्याबाई होलकर स्मारक ट्रस्ट, इंदौर तथा मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से कार्य किए जा रहे है।निरीक्षण के दौरान लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष एवं स्मारक ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी,प्रजापति सहित स्मारक ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।

घटना की विस्तृत जांच के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर में हुई दुर्घटना पर लिया सख्त एक्शन

एक सत बुलेटिन ➤ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार-रविवार दरमियानी रात ग्वालियर के शीतला माता मंदिर के पास हुई दुर्घटना में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सख्त एक्शन लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घटना की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं, ताकि जिम्मेदारी तय कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है। प्रदेश के सभी नागरिकों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएसपी को तत्काल हटाने तथा 3 थाना प्रभारियों, एक यातायात निरीक्षक, एक प्रधान आरक्षक एवं 3 आरक्षकों सहित कुल 8 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। जनसुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना में 14 प्रकरण स्वीकृत, 24 लाख रुपये की राशि मंजूर

एक सत बुलेटिन ➤ विदिशा

राज्य सरकार द्वारा संचालित दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विदिशा जिले में दिव्यांगजनों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 14 विवाह प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता द्वारा इन प्रकरणों में नियमानुसार प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई। स्वीकृत प्रकरणों में दिव्यांग एवं सामान्य दंपतियों के साथ-साथ दोनों पति-पत्नी के दिव्यांग होने वाले प्रकरण भी शामिल हैं।

योजना के तहत दिव्यांग व्यक्ति का विवाह सामान्य व्यक्ति से होने पर पात्रतानुसार 2 लाख रुपये तथा पति-पत्नी दोनों के दिव्यांग होने पर 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है। इस प्रकार 14 स्वीकृत प्रकरणों में कुल 24 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है।स्वीकृत प्रकरणों में श्री ब्रजेश यादव, निवासी ग्राम मुस्करा, तहसील लटेरी, का विवाह श्रीमती हल्कीबाई यादव, निवासी ग्राम सेमरा अहीर, तहसील लटेरी, के साथ हुआ है। ब्रजेश यादव 40 प्रतिशत बौद्धिक दिव्यांग हैं। दोनों में एक दिव्यांग एवं एक सामान्य होने के कारण उन्हें 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।इसी प्रकार आवेदिका शाजिया बी, निवासी वार्ड क्रमांक 21, माता मढेर, सिरोंज, 40 प्रतिशत बौनापन दिव्यांग हैं। उनका विवाह शहिद कुरैशी, निवासी वार्ड क्रमांक 1, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, लटेरी, के साथ हुआ है। इस प्रकरण में भी 2लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है।श्रीमती सविता कुशवाह, निवासी ग्राम अहमदपुर कस्बा, विदिशा, 75 प्रतिशत श्रवणबाधित दिव्यांग हैं। उनका विवाह श्री तुलसीराम कुशवाह, निवासी ग्राम देवरी गढ़ी, तहसील गैरतगंज, जिला रायसेन, के साथ हुआ है। इस प्रकरण में 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

श्रीमती प्रियंका राजपूत, निवासी ग्राम डाबरी ढाना, नरयावली, जिला सागर, 40 प्रतिशत दृष्टिबाधित दिव्यांग हैं। उनका विवाह श्री गोविन्द राजपूत, निवासी ग्राम पिथौली, तहसील कुरवाई, जिला विदिशा, के साथ हुआ है। इस प्रकरण में भी 2 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।

वहीं, श्रीमती फिरदौस अंसारी, निवासी वार्ड क्रमांक 1, गंजबासौदा, 60 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं तथा उनके पति गुलसेर खां, निवासी ग्राम बडोह पठारी, तहसील कुरवाई, 80 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं। दोनों के दिव्यांग होने के कारण इस प्रकरण में 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है।

श्रीमती रानीबाई यादव, निवासी ग्राम तिलोनी झूकरजागी, तहसील लटेरी, 50 प्रतिशत मानसिक दिव्यांग हैं। उनका विवाह श्री हरिओम यादव, निवासी ग्राम आगर पठार, तहसील लटेरी, के साथ हुआ है। पति सामान्य होने के कारण इस प्रकरण में 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।श्री भीकम नायक, निवासी ग्राम काछीखेड़ा, तहसील लटेरी, 60 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं, जबकि उनकी पत्नी श्रीमती पिंकी नायक, निवासी ग्राम टंक परोरिया, तहसील आरोन, जिला गुना, 40 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं। दोनों के दिव्यांग होने के कारण 1 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

श्री नीलम सिंह अहिरवार, निवासी ग्राम कालादेव, तहसील लटेरी, 50 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं। उनकी पत्नी श्रीमती हल्कीबाई अहिरवार, निवासी ग्राम मोहनखेड़ी, तहसील सिरोंज, भी 50 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं। दोनों के दिव्यांग होने पर 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है।श्रीमती भमरीबाई यादव, निवासी ग्राम मुस्करा, तहसील लटेरी, 80 प्रतिशत मुखबाधित दिव्यांग हैं। उनका विवाह श्री शिशुपाल यादव, निवासी ग्राम वापची, तहसील राघौगढ़, जिला गुना, के साथ हुआ है। पति सामान्य होने के कारण इस प्रकरण में 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

कोर ग्रुप की बैठक में मास्टर प्लान ड्राफ्ट का विरोध

ध्रुवनारायण बोले-मास्टर प्लान से जनता और व्यापारियों में नाराजगी, आलोक ने परिसीमन की खामी बताई



एक सत बुलेटिन ➤ भोपाल

बीजेपी के प्रदेश संगठन महामंत्री की बैठक में बीजेपी नेताओं ने भोपाल के मास्टर प्लान के ड्राफ्ट का विरोध किया है। साथ ही विधानसभा सीटों के परिसीमन को लेकर भाजपा नेताओं ने पार्टी की कोर ग्रुप बैठक में अपनी राय रखी है।प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को भोपाल जिले की बैठक में मध्य विधानसभा के पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह ने मास्टर प्लान के ड्राफ्ट पर नाराजगी जताते हुए इसे पूरी तरह रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ड्राफ्ट की वजह से भोपाल के लोगों और व्यापारियों में खासी नाराजगी है। इसलिए पूरे ड्राफ्ट को ही कैंसिल किया जाना चाहिए।बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर के सामने भोपाल के नेताओं ने आगामी परिसीमन को लेकर भी चर्चा की। सांसद आलोक शर्मा ने पिछले परिसीमन में खामियां बताते हुए कहा कि इसकी वजह से भोपाल की दो विधानसभा सीटें कांग्रेस के खाते में चली गईं। इस बार परिसीमन में विशेष सावधानी बरतनी होगी। बैठक में मौजूद नेताओं ने इस मुद्दे पर अपनी-अपनी राय रखी।

ध्रुवनारायण सिंह ने मुस्लिम बहुल इलाकों को एक सीट में शामिल करने का सुझाव दिया

परिसीमन को लेकर चर्चा के दौरान पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह ने सुझाव दिया कि मुस्लिम बहुल इलाकों को एक विधानसभा क्षेत्र में शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही अनुसूचित जाति की बहुलता वाले क्षेत्रों को भी उसमें जोड़ा जाए, ताकि वह विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो सके। उनके मुताबिक, इससे परिसीमन से जुड़ा समाधान निकल सकता है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रयास करते समय तकनीकी और विधिसम्मत पहलुओं का ध्यान रखा जाना चाहिए।

संगठन की मजबूती और जनसंपर्क पर चंद्रशेखर ने दिया जोर

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने भोपाल और रायसेन जिले की कोर ग्रुप एवं जिला बैठकों को संबोधित करते हुए संगठन की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की व्यापकता और जनविश्वास बढ़ाने के लिए हर स्तर पर सक्रियता जरूरी है।नियमित संगठनात्मक प्रवास, प्रभावी जनसंपर्क और समन्वित कार्यशैली से पार्टी की ताकत बढ़ेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता की समस्याओं को समझकर सेवा कार्यों के जरिए विश्वास अर्जित करने की अपील की।चंद्रशेखर ने कहा कि भाजपा की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। संगठन का विस्तार केवल औपचारिक गतिविधियों से नहीं, बल्कि जनता के बीच निरंतर उपस्थिति, आपसी तालमेल और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता से संभव है।

बूथ स्तर पर सक्रियता और नियमित समीक्षा के निर्देश

चंद्रशेखर ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने के साथ समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद स्थापित करना संगठन को समझने में मदद मिलती है।

परिवहन विभाग की सेवाओं को सहज एवं सुलभ रूप से उपलब्ध कराना रहा

सेवा संकल्प अभियान में सड़क सुरक्षा का संदेश, 200 लाभार्थियों को मिला प्रशिक्षण एवं लर्निंग लाइसेंस सुविधा

एक सत बुलेटिन ➤ विदिशा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय, विदिशा द्वारा शनिवार को शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, गंजबासौदा परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ परिवहन विभाग की सेवाओं को सहज एवं सुलभ रूप से उपलब्ध कराना रहा।

शिविर में जिला परिवहन कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा अन्य लाभार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान यातायात नियमों के पालन, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव, सुरक्षित वाहन संचालन तथा जिम्मेदार वाहन चालक के रूप में आवश्यक सावधानियों



के संबंध में विस्तार से समझाया गया।

हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग का दिया संदेश

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का उपयोग करने तथा चार पहिया वाहन में यात्रा करते समय सीट बेल्ट लगाने की आवश्यकता बताई गई। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सड़क पर अन्य वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखने की समझाइश दी गई।अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सजगता और जिम्मेदार व्यवहार से भी दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। यातायात नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहने के साथ दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी आमजन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

लर्निंग लाइसेंस की प्रक्रिया की दी जानकारी

शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य लाभार्थियों को लर्निंग लाइसेंस बनवाने की ऑनलाइन प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी गई। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया तथा लर्निंग लाइसेंस से संबंधित आवश्यक औपचारिकताओं कोलाभ लेने के लिए आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया।

श्रेयस बोले- वैभव सूर्यवंशी को मौका मिलेगा



कहा- 2 मैच में बेहतर गेंदबाजी करते तो नतीजा अलग होता; सीरीज 2-2 से बराबर

भारत के टी-20 कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वैभव सूर्यवंशी को मौका जरूर मिलेगा। उन्हें इसका इंतजार करना होगा।बेंगलुरु में शनिवार को 5वें टी-20 मैच के बाद श्रेयस से वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग-11 में शामिल नहीं करने पर सवाल किया गया था।इस पर अय्यर ने कहा- 'मैं उससे यही कहता हूं कि तुम्हें मौका मिलेगा। कभी-कभी इंतजार करना पड़ता है। हमारे पास 2 शानदार ओपनर हैं। वैभव के साथ हमारी बातचीत इसी बारे में होती रही है।' वैभव इस सीरीज में खेलने का मौका नहीं मिला।

अय्यर ने होप के प्रदर्शन की तारीफ की

भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि दूसरे और चौथे मैच में बेहतर गेंदबाजी करते, तो सीरीज का नतीजा अलग हो सकता था। उन्होंने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों और खासकर शाई होप को पूरी सीरीज में अच्छा खेलने का श्रेय दिया।

अय्यर ने कहा, जहां श्रेय देना चाहिए, वहां देना चाहिए। उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। शाई होप ने पूरी सीरीज में जिस तरह बल्लेबाजी की, वह शानदार था।वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने कहा, 'हम सीरीज जीतने के बहुत करीब थे। ऐसा कुछ, जो हमने 20 से ज्यादा वर्षों में नहीं किया है।'उन्होंने कहा, 'हम निश्चित रूप से आगे बढ़ रहे हैं। सफलता का मतलब केवल सीरीज जीतना नहीं है।' होप ने कहा कि टीम के खिलाड़ियों ने अलग-अलग मौकों पर जिम्मेदारी उठाई।

फॉर्म में शमी, फिर टीम से बाहर क्यों?



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का सेलेक्शन होते ही मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी एक बार फिर चर्चा में आ गई है। चोट से जूझ रहे ऋषभ पंत को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा का चयन भी फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर है। ऐसे में सवाल उठता है कि भारतीय टीम को कई बड़े मुकाबलों में अपनी गेंदबाजी से जीत दिलाने वाले शमी को आखिर मौका क्यों नहीं मिल भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 और 5 वनडे मुकाबलों के अलावा दो मैचों की टेस्ट सीरीज भी खेलनी है। पहला टेस्ट 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होगा। इस टेस्ट सीरीज के लिए जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है, जबकि आकाश दीप और अंशुल कम्बोज को भी तेज गेंदबाजी विभाग में जगह दी गई है।

बाबर आजम के इंटरनेशनल क्रिकेट में 16000 रन पूरे



एजेंसी ➤ नई दिल्ली

बाबर आजम ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 16 हजार रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने ट्राई सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यह अचीवमेंट हासिल की। बाबर ऐसा करने वाले पाकिस्तान के 5वें बल्लेबाज बन गए।रावलपिंडी में चल रहे मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। पाकिस्तानी टीम ने 15 ओवर में 2 विकेट पर 77 रन बना लिए हैं। बाबर और साद बेग नाबाद हैं।पहले बल्लेबाजी कर रही पाकिस्तानी टीम की शुरुआत खराब रही है। टीम ने 32 रन के स्कोर पर 2 विकेट गंवा दिए थे। ओपनर सईम अयूब 7 और फखर जमान 16 रन बनाकर आउट हुए।साद बेग वनडे डेब्यू कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के अजय मंडल ने बोल्ड किया; हर्षल पटेल के 250 फर्स्ट क्लास विकेट

भारतीय कप्तान गिल रणजी मैच में 1 रन बनाकर आउट

एजेंसी ➤ नई दिल्ली

भारतीय टीम के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल रणजी ट्रॉफी 2026-27 में अपने पहले मैच में एक रन पर आउट हो गए हैं। उन्हें रविवार को छत्तीसगढ़ के अजय मंडल ने बोल्ड कर दिया।चंडीगढ़ में चल रहे इस मैच में टॉस जीतकर बैटिंग कर रही पंजाब ने पहली पारी में 3 विकेट पर 89 रन बना लिए हैं।एक अन्य मुकाबले में गुजरात के हर्षल पटेल ने दिल्ली के 2 विकेट झटक लिए हैं। उनके फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 250 विकेट हो चुके हैं।

न्यूजीलैंड दौरे के लिए रणजी खेल रहे हैं गिल

भारतीय कप्तान शुभमन गिल न्यूजीलैंड दौरे की तैयारी के लिए रणजी ट्रॉफी का मैच खेलने उतरे हैं। 2 दिन पहले जारी टीम में उन्हें टेस्ट और शुरुआती 3 वनडे मैच के लिए भारत का कप्तान बनाया गया है।



टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से वेलिंग्टन में पहला टेस्ट मैच खेलना है। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल के फाइनल में पहुंचने के लिए अहम है।

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती

गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने 2 महीने पहले श्रीलंका के खिलाफ 2 मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम की थी।कोलंबो में इस सीरीज का दूसरा मैच ड्रॉ रहा था। जबकि, पहले मुकाबले को टीम इंडिया ने 165 रन से जीता था। श्रीलंका के खिलाफ गिल का प्रदर्शनज

गुजरात के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने दिल्ली के खिलाफ सनत सांगवान को आउट कर फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अपने 250 विकेट पूरे किए। इसके बाद उन्होंने यश ढुल को भी पवेलियन भेजा।

व्यापार

दुनिया तांबे के पीछे, ज्यादा पैसे देने को तैयार!

एजेंसी ➤ नई दिल्ली

भारत में कॉपर की कीमत अगस्त में करीब ?1,400 प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। ग्लोबल स्तर पर बढ़ती मांग और सीमित सप्लाई के बीच कॉपर बाजार में दबाव बढ़ रहा है। पावर ग्रिड, इलेक्ट्रिक व्हीकल, रिन्यूएबल एनर्जी और ढ्ढ डेटा सेंटर जैसे सेक्टर इसकी खपत बढ़ा रहे हैं।भारत में तांबे की कीमत अगस्त 2026 में करीब ?1,400 प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। 17 अगस्त को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि। (स्ष्ठङ्क) पर कॉपर कॉन्ट्रैक्ट भी लगभग इसी स्तर पर कारोबार कर रहे थे। बाजार में सिर्फ कीमत ही नहीं बढ़ी है, बल्कि तुरंत सप्लाई हासिल करने के लिए खरीदारों को



प्रीमियम भी चुकाना पड़ रहा है।कॉपर की कीमतों में तेजी के पीछे ग्लोबल डिमांड और सप्लाई के बीच बढ़ता अंतर बड़ी वजह माना जा रहा है। पावर ग्रिड, इलेक्ट्रिक व्हीकल, रिन्यूएबल एनर्जी और डेटा सेंटर जैसे सेक्टर में कॉपर की जरूरत तेजी से बढ़ रही है। इसी वजह से लंदन मेटल एक्सचेंज के करीब बनी हुई हैं।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक की नई चेयरपर्सन होंगी शबनम सिन्हा

सुनील मित्तल 10 साल बाद पद छोड़ेंगे, 30 सितंबर को कंपनी के बोर्ड से हटेंगे

एजेंसी ➤ नई दिल्ली

वर्ल्ड बैंक की पूर्व लीड स्पेशलिस्ट और इंडिपेंडेंट डायरेक्टर डॉ. शबनम सिन्हा 1 अक्टूबर 2026 से बैंक की नई चेयरपर्सन के तौर पर जिम्मेदारी संभालेंगी।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक की नई चेयरपर्सन शबनम सिन्हा होंगी। वे 1 अक्टूबर 2026 से यह पद संभालेंगी। शबनम नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन सुनील भारती मित्तल की जगह लेंगी। मित्तल 30 सितंबर को अपना 10 साल का कार्यकाल पूरा करके बोर्ड से हट जाएंगे।डॉ. शबनम सिन्हा के पास बैंकिंग, गवर्नेंस और डिजिटल बदलाव का 30 से ज्यादा सालों का ग्लोबल अनुभव है। उन्होंने 2010-2025 यानी 15 साल वर्ल्ड बैंक में बतौर लीड स्पेशलिस्ट काम किया। यहां उन्होंने एशिया, यूरोप और अफ्रीका में 4 बिलियन डॉलर यानी करीब ?38,000 करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स की जिम्मेदारी संभाली।

वर्ल्ड बैंक से पहले वह ढ्ढरू स्रस्र एजुकेशन की



ष्ठश्वह रह चुकी हैं और स्ट्ठष्ठ व ह्यष्ठश्वत्रह्व के साथ भी लंबे समय तक काम कर चुकी हैं। फिलहाल वह एयरटेल पेमेंट्स बैंक, वेदांता और भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन जैसे बड़े संस्थानों के बोर्ड में शामिल हैं।शबनम सिन्हा बोली- जिम्मेदारी मिलना सम्मान की बात

डॉ. शबनम ने कहा कि एयरटेल पेमेंट्स बैंक की कमान संभालना मेरे लिए गर्व की बात है, खासकर ऐसे वक्त में जब डिजिटल बैंकिंग देश की तरक्की में सबसे अहम रोल निभा रही है। बैंक ने आसान तकनीक के जरिए एक ऐसा मजबूत और भरोसेमंद जरिया तैयार किया है,।

राज्यों का आरोप है कि मेटा को पता था।

मेटा पर भारी जुर्माने का संकट

एजेंसी ➤ नई दिल्ली

मेटा अब एक नए कोर्ट केस का सामना करने जा रही है, जहां जहां उसके ऊपर कई गंभीर आरोप लगे हैं. प्लेटफॉर्म पर आरोप हैं कि उसकी वजह से लोगों को सोशल मीडिया की लत लग रही है और उसके ऐप्स कई तरह के नुकसान पहुंचा जा रहे हैं।

साथ ही उसके ऐप्स की वजह से बच्चों की मेंटल हेल्थ भी प्रभावित हो रही है, जिसके कारण कंपनी को दर्जनों केस का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही कंपनी को 1।4 ट्रिलियन डॉलर (करीब 133।92 लाख करोड़ रुपये) के जुर्माने तक भरना पड़ सकता है।

नए मामले की सुनवाई मंगलवार को कैलिफोर्निया के ओकलैंड स्थित संघीय अदालत में शुरू की जाएगी। बीते सप्ताह मेटा ने इस मामले को खारिज कराने की मांग की थी, लेकिन कंपनी की अर्जी को कंपनी ने



स्वीकार नहीं किया।

सीईओ मार्क जकरबर्ग को पड़ेगा पेश

इस केस के दौरान मेटा के टॉप ऑफिसर्स और कंपनी के सीईओ मार्क जकरबर्ग तक की सुनवाई हो सकती है। साथ ही कंपनी पर बहुत मोटा जुर्माना तक लगाया जा सकता है। राज्यों ने मेटा पर आरोप लगाया था कि मेटा ने जानबूझकर ऐसे फीचर्स को तैयार किया है, जो असल में यूजर्स को उसके प्लेटफॉर्म का आदि बनाते हैं।

2023 में मेटा के खिलाफ दायर केस से कनेक्ट हैं

यह मामला साल 2023 में कई अमेरिकी राज्यों की ओर से मेटा के खिलाफ दायर किए गए केस से कनेक्टेड है। यह कार्रवाई कंपनी की सुरक्षा नीतियों को लेकर कई राज्यों की जांच के बाद हुई, जिसके बाद जांच में बच्चों और किशोरों को होने वाले गंभीर नुकसान सामने आए थे। ये जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी है।

मेटा के खिलाफ आरोप सुनेंगें

सुनवाई के दौरान जज यवोन गोंजालेज रोजर्स कैलिफोर्निया, कोलोराडो, केंटकी और न्यू जर्सी के आरोपों को सुनेंगे, जिसमें मेटा पर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि मेटा ने अपने ऐप्स की सुरक्षा को लेकर जानबूझकर गुमराह किया और उपभोक्ता संरक्षण कानूनों का उल्लंघन किया।

चार राज्यों समेत कुल 29 राज्य मेटा पर चिल्ड्रन ऑनलाइन प्राइवेसी प्रोटेक्शन एक्ट के उल्लंघन के आरोप लग चुके हैं। राज्यों का आरोप है कि मेटा को पता था ।

विदेश में मारुति सुजुकी फॉन्क्स की बंपर डिमांड



विदेश में मारुति सुजुकी फॉन्क्स की बंपर डिमांड

मारुति सुजुकी भारत में सबसे ज्यादा कारें बेचती है. मारुति सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि विदेशों में एक्सपोर्ट के लिए भी कई कारें बनाती है। ऐसी ही एक कार मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स है, जो काफी ज्यादा एक्सपोर्ट हो रही है। इस कार की 2 लाख यूनिट्स को भारत से बाहर एक्सपोर्ट किया जा चुका है। इस आंकड़े तक यानी 2 लाख एक्सपोर्ट तक मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स सबसे तेजी से पहुंची है। कॉम्पैक्ट एसयूवी को यहां तक पहुंचने में 38 महीनों का वक्त लगा है। फ्रॉन्क्स का एक्सपोर्ट जून 2023 में शुरू हुआ। फिलहाल इस मेड इन इंडिया एसयूवी को 90 देशों में एक्सपोर्ट किया जाता है। मारुति इस कार की मैन्युफैक्चरिंग गुजरात के हंसलपुर प्लांट में करती है।



कार्डियो कचौड़ी

केक या आइसक्रीम खाना उलटी बात लग सकता है। लेकिन खाने-पीने से जुड़े ऐसे रन भारत में तेजी से बढ़ती सामुदायिक फिटनेस संस्कृति का हिस्सा बन रहे हैं। इन आयोजनों में दौड़ने की रफ्तार, दूरी या अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ने पर ध्यान देने के बजाय थोड़ी दूरी तक मनोरंजन के लिए दौड़ा जाता है। इसके बाद खाने-पीने के लिए कहीं रुका जाता है या साथ में भोजन किया जाता है। इस तरह व्यायाम एक सामाजिक गतिविधि बन जाता है।मिसाल के तौर पर बीकानेर में धावक 'कचौड़ी रन' में हिस्सा लेते हैं। दौड़ पूरी करने के बाद वे शहर के मशहूर नाश्ते का स्वाद लेते हैं। बेंगलुरु में 'बेकरी-हॉप रन' आयोजित किए गए हैं। इनमें प्रतिभागी कुछ किलोमीटर दौड़ते हैं और रास्ते में अलग-अलग बेकरी पर रुकते हैं। हैदराबाद के धावकों के समूहों ने 'तिरामिसु रन' और 'आइसक्रीम रन' जैसे आयोजन भी किए हैं। वहीं मुंबई में गणेश उत्सव के दौरान 'मोदक रन' आयोजित किए गए।शहर और मौके के हिसाब से खाने की चीजें बदल जाती हैं लेकिन इन आयोजनों का मकसद एक ही है। ऐसे कार्यक्रम तैयार करना जिनमें वे लोग भी शामिल होने के लिए आकर्षित हों जो आम तौर पर किसी पारंपरिक रनिंग ग्रुप से जुड़ने के लिए आगे नहीं आते।यह अंतर महत्वपूर्ण है। पारंपरिक रनिंग क्लब कभी-कभी नए लोगों को डराने वाले लग सकते हैं। खासकर तब जब वहां बातचीत दौड़ने के समय, अभ्यास की योजनाओं और प्रतियोगिता में तय की जाने वाली दूरी के इर्द-गिर्द होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि खाने-पीने पर केंद्रित रन इन बाधाओं को जानबूझकर कम करते हैं। इनमें दौड़ की दूरी आम तौर पर कम होती है और रफ्तार भी धीमी रखी जाती है। प्रतिभागियों को यहां सिर्फ दौड़ पूरी करने की नहीं, बल्कि आपस में बातचीत करने की भी गुंजाइश मिलती है।बेंगलुरु में ब्रांड मैनेजर 29 साल की नैना कपूर का कहना है कि खाने-पीने से जुड़े रन वाले समूह में शामिल होना उन्हें कम मुश्किल लगा। वे बताती हैं।

(एक नजर)

शुक्र की चाल हुई वक्री, 29 दिन पड़ेंगे भारी

ज्योतिष शास्त्र में शुक्र को सुख-सुविधाओं, प्रेम, वैभव, सौंदर्य और धन से जोड़कर देखा जाता है. शुक्र की चाल में बदलाव का असर जीवन के इन पहलुओं पर पड़ने की मान्यता है. आज 17 अक्टूबर 2026 से 14 नवंबर 2026 तक शुक्र की वक्री चाल को लेकर कुछ राशियों के लिए आर्थिक मामलों और रिश्तों में सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है. ऐसे में ग्रहों के प्रभाव का आप की राशि पर असर पड़ता है ये भी जानना जरूरी है. ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, वृषभ, कन्या, तुला, मकर और कुंभ राशि के जातकों को इस दौरान अपने खर्च, कामकाज और निजी जीवन में संतुलन बनाकर चलना चाहिए. वृषभ राशि- खर्च बढ़ने से बिगड़ सकता है बजट वृषभ राशि के जातकों को इस अवधि में अपनी सेहत और दिनचर्या पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी. काम का दबाव बढ़ने से थकान महसूस हो सकती है. आर्थिक मामलों में गैरजरूरी खर्चों से बचें, अपनी जरूरतों के हिसाब से बजट बनाएं. अगर कोई समस्या लंबे समय से बनी हुई है।

विचार

सुप्रीम कोर्ट के आवश्यक न्यायिक फैसलों के उजाले

- ललित गर्ग

लेखक

लोकतंत्र की मजबूती का वास्तविक प्रमाण केवल चुनावों का नियमित आयोजन, संसद में बहुमत अथवा राजनीतिक दलों की लोकप्रियता नहीं है, बल्कि यह है कि संविधान के सामने सत्ता, विपक्ष और सामान्य नागरिक की स्थिति समान हो। जब सामाजिक न्याय, आरक्षण, धार्मिक स्वतंत्रता और चुनावी निष्पक्षता जैसे प्रश्न एक साथ राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में आते हैं, तब सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। न्यायपालिका वह संवैधानिक संस्था है, जिससे नागरिक यह अपेक्षा करता है कि वह राजनीतिक आग्रहों, सामाजिक दबावों और सत्ता के प्रभाव से मुक्त रहकर न्याय का मार्ग प्रशस्त करेगी।

आज देश को ऐसी न्यायिक सक्रियता की आवश्यकता है, जो अन्याय के सामने निर्भीक हो, लेकिन अपने अधिकार क्षेत्र के प्रति सजग भी रहे, जो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करे, लेकिन राजनीतिक आग्रहों से अप्रभावित रहे, जो संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखे, लेकिन उनकी जवाबदेही को भी सुनिश्चित करे।लोकतंत्र की मजबूती का वास्तविक प्रमाण केवल चुनावों का नियमित आयोजन, संसद में बहुमत अथवा राजनीतिक दलों की लोकप्रियता नहीं है, बल्कि यह है कि संविधान के सामने सत्ता, विपक्ष और सामान्य नागरिक की स्थिति समान हो। जब सामाजिक न्याय, आरक्षण, धार्मिक स्वतंत्रता और चुनावी निष्पक्षता जैसे प्रश्न एक साथ राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में आते हैं, तब सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। न्यायपालिका वह संवैधानिक संस्था है, जिससे नागरिक यह अपेक्षा करता है कि वह राजनीतिक आग्रहों, सामाजिक दबावों और सत्ता के प्रभाव से मुक्त रहकर न्याय का मार्ग प्रशस्त करेगी। आज आरक्षण की पात्रता और धर्मांतरण से जुड़े विवादों से लेकर निर्वाचन प्रक्रिया तथा न्यायालय की गरिमा तक, अनेक प्रश्न इसी अपेक्षा की कसौटी बनकर सामने हैं। इन प्रश्नों पर विचार करते समय आवश्यक है कि हम न किसी राजनीतिक पक्ष के प्रचारक बनें, न किसी धार्मिक समुदाय के प्रति पूर्वाग्रह रखें, बल्कि संविधान की भावना और न्याय के व्यापक उद्देश्य को केंद्र में रखें। अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण भारतीय संविधान की उन ऐतिहासिक व्यवस्थाओं में है, जिनका उद्देश्य सदियों से चले आ रहे सामाजिक बहिष्कार, अस्पृश्यता और भेदभाव के दुष्परिणामों को दूर करना है। यह केवल रोजगार अथवा शिक्षा में कुछ अतिरिक्त अवसर उपलब्ध कराने की व्यवस्था नहीं, बल्कि उस सामाजिक अन्याय के विरुद्ध संवैधानिक हस्तक्षेप है, जिसने बड़ी आबादी



को लंबे समय तक समान अवसरों से वंचित रखा। इसलिए आरक्षण और धर्मांतरण के संबंध में होने वाली बहस को भावनाओं, धार्मिक आग्रहों अथवा राजनीतिक आरोपों के बजाय संवैधानिक प्रावधानों और सामाजिक वास्तविकताओं के आधार पर समझना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह स्पष्ट किया जाना एक स्वागत योग्य कदम है कि अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के व्यक्तियों द्वारा धर्मांतरण करने पर उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। तमिलनाडु सरकार द्वारा इसे उच्च न्यायालय में चुनौती देना और अपने राज्य में इस प्रकार की सुविधा जारी रखना कि इस्लाम या ईसाई धर्म अपनाने के बाद भी आरक्षण का लाभ मिलता रहे, वास्तव में सनातन संस्कृति के आरक्षित वर्गों के हितों को कमजोर करने वाला और धर्मांतरण को परोक्ष रूप से बढ़ावा देने वाला कदम था। यह विडंबना ही है कि एक तरफ कुछ संगठन यह दावा करते हैं कि उनके यहां जातिगत भेदभाव का अस्तित्व नहीं है, वहीं दूसरी ओर वे एससी और ओबीसी वर्ग के लोगों को अपने पंथ में आने के बाद भी आरक्षण का लाभ मिलने की पुरजोर वकालत करते हैं। इस प्रकार के दोहरे लाभ और प्रलोभनों के कारण न केवल धर्मांतरण की प्रवृत्ति को बल मिलता है, बल्कि हिंदू समाज को इसका भारी नुकसान उठाना पड़ता है, क्योंकि धर्मांतरित लोग आरक्षण के साथ-साथ अल्पसंख्यक दर्जे के लाभों का भी अनुचित दोहन करने लगते हैं। हालांकि विभिन्न राज्य सरकारें छल-कपट से होने वाले धर्मांतरण के विरुद्ध कड़े कानून बना रही हैं, फिर भी यह समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है, जिसका प्रमुख कारण धार्मिक स्वतंत्रता के नाम पर हो रहा इसका दुरुपयोग है।

विचार


सवालों के घेरे में हैं जेएनयू के क्रांतिकारियों की चयनित चुप्पियां

- प्रो. संजय द्विवेदी

लेखक

वे अभी सांसद बने हुए हैं। प्रो. बिमोल ने इन आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि उन्हें सरकार विरोधी रवैये के कारण शिकार बनाया जा रहा है। इस सफाई के बहुत मायने नहीं हैं। मुद्दा है शिक्षक की गरिमा का, यदि वह जनप्रतिनिधि हैं तो मामला गंभीर हो जाता है।जेएनयू जैसे विश्वविद्यालय में जागरुक विद्यार्थियों की संख्या काफी है। राजनीतिक तौर पर भी उनकी सक्रियता किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में किसी प्राध्यापक का यह रवैया आश्चर्यजनक है।

स्त्रियों ने इस समय में अपनी शक्ति को पहचान लिया है। वे बेहतर कर रही हैं और आगे आसमां छूने की कोशिशों में हैं। यहां भी पुरुष सत्ता चोटिल होती हुई लगती है। उसके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता के बजाए, किस्से बनाने और उसे कमतर साबित करने की कोशिशें हर स्तर हो रही हैं।शिक्षा केंद्रों की कलंक कथाएं अनंत हैं। गुरु-शिष्य परंपरा को लजाते प्रकरण मुंह चिढ़ा रहे हैं। ऐसी खबरें अब बहुत विचलित नहीं करतीं। किंतु बात जब जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय जैसे शिक्षा केंद्र की हो तो मामला साधारण नहीं रह जाता। आरोप किसी साधारण शिक्षक पर नहीं, मणिपुर से लोकसभा के सांसद प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर हैं। वे जेएनयू के सामाजिक विज्ञान अध्ययन केंद्र में प्राध्यापक थे। जेएनयू प्रशासन ने 11 छात्राओं की शिकायतों की जांच के बाद प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम को बर्खास्त कर दिया है। वे अभी सांसद बने हुए हैं। प्रो. बिमोल ने इन आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि उन्हें सरकार विरोधी रवैये के कारण शिकार बनाया जा रहा है। इस सफाई के बहुत मायने नहीं हैं। मुद्दा है शिक्षक की गरिमा का, यदि वह जनप्रतिनिधि हैं तो मामला गंभीर हो जाता है।जेएनयू जैसे विश्वविद्यालय में जागरुक विद्यार्थियों की संख्या काफी है। राजनीतिक तौर पर भी उनकी सक्रियता किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में किसी प्राध्यापक का यह रवैया आश्चर्यजनक है। उन छात्राओं के साहस को भी नमन करना चाहिए, जिनके कारण यह प्रकरण प्रकाश में आ सका। हमारी परंपरा में शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए अभिभावक हैं। इस गरिमा को छोड़कर अपने विद्यार्थियों का किसी भी तरह का शोषण स्वीकार्य नहीं है। यह उस अकादमिक भरोसे की हत्या है, जिस पर शिक्षा की नींव टिकी है। आरोपी प्रोफेसर के बारे में विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति ने शिकायतों को सही पाया है। नैतिकता के आधार पर उन्हें सांसद पद से इस्तीफा देना चाहिए। उनकी अपनी कांग्रेस पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान अभी तक सामने नहीं आया है। यह बात रेखांकित करती है कि शिक्षा केंद्रों में शिक्षक सुरक्षित माहौल नहीं देगें तो युवा पीढ़ी का मानसिक और शैक्षणिक विकास कैसे होगा? यह भी सुखद है कि जागरुक विद्यार्थी अब किसी तरह के शोषण को सहने को तैयार नहीं हैं। पीड़िताएं अब डरने के बजाए संस्थागत प्रक्रियाओं का दरवाजा खटखटा रही हैं।स्त्रियों ने इस समय में अपनी शक्ति को पहचान लिया



है। वे बेहतर कर रही हैं और आगे आसमां छूने की कोशिशों में हैं। यहां भी पुरुष सत्ता चोटिल होती हुई लगती है। उसके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता के बजाए, किस्से बनाने और उसे कमतर साबित करने की कोशिशें हर स्तर हो रही हैं। तेज होते सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों के इस दौर में सिर्फ कानून ही स्त्री के साथ खड़े हैं। कई जगह स्त्रियां भी, स्त्रियों के खिलाफ खड़ी हैं। यह संक्रमण काल है, स्त्री को अपने वजूद को साबित करते हुए निरंतर आगे बढ़ने का समय है। वह जीत रही है और आगे बढ़ रही है। आज की बेटियां अपने सपनों में रंग भर रही हैं। आसान शिकार होने के नाते कुछ शिकारी उसकी घात में हैं, किंतु आज की औरत इससे डरती नहीं। घबराती नहीं। वह बने-बनाए कठघरों को तोड़कर आगे आ रही है।कानून से ऊपर कोई नहीं है। आरोपी प्रोफेसर सांसद हैं तो उन्हें कुछ विशेषाधिकार जरुर हासिल हैं। ऐसे में मुद्दा यह भी है कि जब कानून बनाने वाले ही महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं तो राजनीतिक शुचिता का क्या होगा। दलगत राजनीति और चयनित चुप्पियों के समय में राजनीतक दलों का रवैया दोमुंहा हो जाता है। टीवी डिबेट्स में राजनीतिक दलों की महिला प्रवक्ता भी उक्त प्राध्यापक का बचाव करते नजर आ रहे हैं। यह तर्क भी कितने गलीज हैं कि दूसरे दल के लोगों पर भी आरोप लगे हैं। इससे गहरी राजनीतिक संवेदनहीनता प्रकट होती है। आपको इसलिए छोड़ दिया जाए क्योंकि प्रतिपक्ष पर भी ऐसे आरोप हैं। नैतिकता और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर स्त्री सम्मान के लिए सभी को खड़ा होना चाहिए। संसद को हम लोकतंत्र का मंदिर मानते हैं। वहां बैठे सांसदों से उच्च नैतिक आचरण की अपेक्षाएं बेमानी नहीं हैं। हालात इतने बदतर हैं कि गंभीर आरोपों से घिरे लोग अकसर संस्थागत जांच की वैधता पर सवालिया निशान लगाकर सहानुभूति हासिल करने का प्रयास करते हैं। इस मामले में भी यही दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर जेएनयू प्रशासन का यह दावा कि उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए आंतरिक समिति की रिर्पोट के आधार पर सांसद-प्राध्यापक पर कार्रवाई की गई है। यह साबित करता है कि राजनीतिक पदों की धमक से ऊपर अब संस्थागत नियमों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

लक्ष्मण रेखा खींचने की जरुरत-

विश्वविद्यालयों के परिसरों में वैचारिक विमर्श हों। संवाद हों। किंतु वे ताकतवर लोगों के लिए सुरक्षित शरणगाह नहीं बनें। लक्ष्मण रेखा खींचने की जरुरत है। इस पर शिक्षकों को विचार करना होगा। अपने गिरेबां में झांकना होगा। शिक्षा परिसरों में पुलिस डेरा डाल रही है। उनकी स्वायत्तता और सम्मान आज हाशिए पर है। राजनीतिक दलों से जुड़ी अपनी आस्थाओं के कारण अगर शिक्षक अपनी भूमिका से समझौता करेगें, तो उनका सम्मान बच नहीं सकता। विचारधारा और देशद्रोही विचारों के आधार पर चलने वाली शक्तियां परिसर को तो

विचार

अमेरिकी द्वीपों की अनकही दुनिया

संदीप कुमार सिंह

लेखक

क्या आप ऐसे अमेरिका की कल्पना कर सकते हैं, जहां लोगों के पास पावरफुल पासपोर्ट तो है, लेकिन राशन के एक पैकेट के लिए हफ्तों मौसम साफ होने की दुआ मांगनी पड़ती है? समंदर की लहरों के बीच फैले 18 हजार से ज्यादा द्वीपों का अमेरिका एक ऐसी अनसुलझी दुनिया है, जिसके कायदे-कानून और जिंदगी जीने का तरीका मेनलैंड से एकदम अलग है। आखिर महाशक्ति अमेरिका के इन दूरदराज टापुओं पर कैसे कटती है आम इंसानों की जिंदगी और कैसे ये गुमनाम द्वीप वॉशिंगटन के असली ग्रंप कार्ड बने हुए हैं?

जब भी अमेरिका शब्द हमारे दिमाग में आता है तो गगनचुंबी इमारतों से घिरा न्यूयॉर्क, वॉल स्ट्रीट की मनी रेस या वॉशिंगटन डीसी के पावर कॉरिडोर की तस्वीरें उभरती हैं। आम धारणा यही है कि अमेरिका का मतलब है चमचमाती सड़कें, हाई-वे और मोबाइल स्क्रीन के एक क्लिक पर हर चीज की होम डिलीवरी। लेकिन ये तो मेनलैंड अमेरिका की चकाचौंध भरी जिंदगी की तस्वीर है। इससे एकदम अलग और दूर एक दूसरा अमेरिका भी सांस लेता है, जिसकी जमीनी हकीकत इन बड़े शहरों से 180 डिग्री अलग



है।यूएसजीएस के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका के पास कुल 18,617 द्वीप हैं। प्रशांत महासागर की गर्म लहरों से लेकर आर्कटिक की भीषण बर्फ तक फैले इन द्वीपों पर जीवन प्रकृति की चुनौतियों और समुद्र के सन्नाटे के बीच कटता है। मेनलैंड अमेरिका में जहां हर सहूलियत उंगलियों के इशारे पर हाजिर होती है, वहीं इन दूरदराज के द्वीपों पर रोजमर्रा का जीवन समुद्री सप्लाई लाइन और मौसम के मिजाज पर निर्भर है।

जैसे अलास्का के एल्यूशियन द्वीपसमूह या प्रशांत महासागर में बसे छोटे टापुओं तक राशन और जरूरी सामान पहुंचाने के लिए कोई एक्सप्रेसवे या सिक्स-लेन हाईवे नहीं है। वहां ताजी सब्जियां, दूध, दवाइयां और ईंधन सब कुछ जहाजों या छोटे प्लेन से लाए जाते हैं। अगर समंदर में चक्रवात आ जाए या धुंध घनी हो जाए, तो हफ्तों तक द्वीपों पर आपूर्ति ठप हो जाती है और सुपरमार्केट के शेल्फ खाली हो जाते हैं। फिर, भारी परिवहन लागत के कारण इन द्वीपों पर ब्रेड या दूध के पैकेट मेनलैंड अमेरिका की तुलना में दो से तीन गुना महंगे मिलने लगते हैं।

इन द्वीपों पर पानी और बिजली का इंतजाम करना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। कई छोटे द्वीपों पर केंद्रीय बिजली ग्रिड नहीं पहुंच पाता, इसलिए वहां बिजली के लिए डीजल जनरेटर, सोलर पैनल या विंड टर्बाइन का सहारा लिया जाता है। पीने के पानी के लिए लोग रेन वॉटर हार्वेस्टिंग या समंदर के पानी को पीने लायक बनाने वाले प्लांट पर निर्भर रहते हैं।

एक बड़ा फर्क इन द्वीपों के लोगों के लिए और है। उनके पास अमेरिकी पासपोर्ट तो है लेकिन राष्ट्रपति चुनाव में वोट का अधिकार नहीं है।


मुख्यभूमि में रहने वाले नागरिक जहां अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में सीधे वोट डालते हैं, वहीं अमेरिका के द्वीपीय निवासियों का राजनीतिक दर्जा बेहद अनोखा है।

प्यूर्टो रिको, गुआम, यूएस वर्जिन आइलैंड्स और नॉर्दर्न मारियाना द्वीप जैसे क्षेत्रों में जन्म लेने वाले लोग कानूनी तौर पर अमेरिकी नागरिक होते हैं। उनके पास अमेरिकी पासपोर्ट होता है और वे अमेरिकी सेना में भी सेवाएं देते हैं। हालांकि, अमेरिकी संविधान के प्रावधानों के तहत जब तक ये नागरिक मुख्यभूमि के किसी राज्य में जाकर स्थायी रूप से नहीं बस जाते, इन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में वोट डालने का अधिकार नहीं होता। अमेरिकी संसद में भी इनके प्रतिनिधियों के पास कानून बनाने के लिए पूर्ण वोटिंग पावर नहीं होती।

लेकिन, लॉजिस्टिक्स की तमाम मुश्किलों के बावजूद अमेरिका इन 18,617 द्वीपों को केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी के तौर पर नहीं देखता, बल्कि ये द्वीप उसकी वैश्विक सुपरपावर की स्थिति की रीढ़ हैं। इन बिखरे हुए द्वीपों के चलते अमेरिका के पास लगभग 1।13 करोड़ वर्ग किलोमीटर का दुनिया का सबसे बड़ा श्वर्श है, जो उसे बेहिसाब तेल, गैस, खनिज और मत्स्य संसाधनों पर एकाधिकार प्रदान करता है।

इतना ही नहीं, इन्हीं द्वीपों पर प्रशांत महासागर में अमेरिका के पास गुआम और हवाई जैसे सबसे मजबूत नौसैनिक और वायुसैनिक अड्डे हैं। न्यूयॉर्क-वॉशिंगटन की चमक-धमक जहां अमेरिका की आर्थिक व राजनीतिक ताकत का चेहरा है, वहीं प्रशांत व अटलांटिक महासागर में फैले ये 18,617 द्वीप अमेरिका की उस जुझारू आबादी का घर भी हैं जो प्रकृति की मुश्किल परिस्थितियों के बीच भी अपनी अलग जीवनशैली और पहचान बनाए हुए हैं।

सबसे रोचक बात है कि 18 हजार द्वीपों का अमेरिका का ये आंकड़ा सुनने में विशाल भले ही लगता है, लेकिन अगर दुनिया के नक्शे को देखा जाए तो अमेरिका से भी ज्यादा द्वीपों वाले देश इस धरती पर हैं। द्वीपों की संख्या के मामले में नॉर्डिक देश पूरी दुनिया में सबसे आगे हैं। जैसे स्वीडन के पास दुनिया में सबसे ज्लाख 39 हजार द्वीप हैं।



गंगा नहीं है दुनिया की सबसे बड़ी नदी

भारतीय संस्कृति में नदियों का काफी महत्व रहा है। वैसे देखा जाए तो हर सभ्यता के विकास का मार्ग नदियों ने ही प्रशस्त किया है। दुनिया की बड़ी नदियों में से एक है गंगा नदी, जिसे भारत में बहुत ही पवित्र और आस्था के प्रतीक के तौर पर देखा जाता है, लेकिन दोस्तों क्या तुम जानते हो कि गंगा नदी भले ही देश की सबसे बड़ी नदी हो, लेकिन लंबाई के आधार पर दुनिया की सबसे बड़ी नदियों में इसका नाम नहीं आता है। तुम्हें ये जानकर भले ही आश्चर्य होगा, लेकिन सच्चाई यही है।

नील नदी

दुनिया की सबसे लंबी नदी नॉर्थ-ईस्ट अफ्रीका में बहने वाली नील नदी है। नील नदी की लंबाई 6650 किलोमीटर यानी 4132 मील है। नील नदी अफ्रीका की सबसे बड़ी झील विक्टोरिया से निकलकर विस्तृत सहारा मरुस्थल के पूर्वी भाग को पार करती हुई उत्तर में भूमध्यसागर में उतर जाती है। यह भूमध्य रेखा के निकट भारी वर्षा वाले क्षेत्रों से निकलकर दक्षिण से उत्तर क्रमशः युगांडा, इथियोपिया, सूडान एवं मिस्र से होकर बहते हुए काफी लंबी घाटी बनाती है।

यांग्त्जी नदी

यांग्त्जी नदी एशिया की सबसे बड़ी तथा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी नदी है, जो चीन में बहती है। इसकी लंबाई 6300 किलोमीटर यानी 3917 मील है। चीन ने सबसे घनी आबादी वाले शहर वुहान के दो हिस्सों को आपस में जोड़ने के लिए यांग्त्जी नदी के आर-पार मेट्रो रेल लाइन का निर्माण भी कर दिया है। इस रेल लाइन की शुरुआत दो साल पहले हुई थी। यांग्त्जी नदी को चीन में चेन जियांग के नाम से भी जाना जाता है। यह नदी किंघाई तिब्बत पठार से निकलकर दक्षिण-पश्चिम चीन, मध्य चीन तथा पूर्वी चीन से होते हुए शंघाई में पूर्वी चीन के समुद्री हिस्से में समाहित हो जाती है।



अमेजन नदी



दक्षिणी अमेरिका में बहने वाली अमेजन नदी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी नदी है। इसकी लंबाई 6400 किलोमीटर यानी 4000 मील है। आयतन (लंबाई-चौड़ाई) के हिसाब से यह विश्व की सबसे बड़ी नदी है, लेकिन अगर सिर्फ लंबाई के हिसाब से बात करें तो दूसरी। यह ब्राजील, पेरू, बोलविया, कोलंबिया तथा इक्वाडोर से होकर बहती है। यह पेरू के एंडीज पर्वतमाला से निकलकर पूर्व की ओर बहती है और अटलांटिक महासागर में मिलती है। इस नदी पर एक भी पुल नहीं है।

मिसिसिपी-मिसौरी



मिसिससिपी-मिसौरी नदी लंबाई के आधार पर अमेरिका की सबसे बड़ी तथा दुनिया की चौथी सबसे बड़ी नदी है। इसकी लंबाई 6275 किलोमीटर (3902 माइल) है। मिसिसिपी नदी के स्रोत को आम रूप से इटास्का झील को माना जाता है, लेकिन मिसिसिपी का सबसे दूरस्थ स्रोत जेफरसन नदी है। जेफरसन नदी मिसौरी नदी की सहायक नदी है, जैसे मिसौरी नदी मिसिसिपी की सहायक है। जब मिसिसिपी की लंबाई को इस मुहाने से लेकर सर्वाधिक दूर के इस स्रोत तक मापा जाता है तो इसे मिसिसिपी-मिसौरी-जेफरसन कहा जाता है।

कम हो रहे हैं बाघ

टाइगर अर्थात् बाघ को देखकर तुम कैसे भयभीत हो जाते हो। इसकी बड़ी-बड़ी आंखें और दहाड़ सुनकर तुम्हारे अंदर का डर बाहर चला आता है और तुम छुप जाते हो। लेकिन तुम्हें पता है दूसरों के अंदर भय पैदा करने वाला यही टाइगर आज अपने जीवन को लेकर भयभीत है। इनके अस्तित्व पर लगातार खतरा मंडरा रहा है और यह प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गई है। एक अनुमान के मुताबिक पूरे विश्व में मात्र 3,200 के करीब ही टाइगर बचे हैं। यह संख्या किसी भी प्रजाति के लिए काफी कम है। पिछले सौ साल में धरती से टाइगर की लगभग 97 फीसदी आबादी खत्म हो चुकी है। इनकी कई प्रजातियां तो बिलकुल ही विलुप्त हो गई हैं। पर्यावरणविदों का मानना है कि अगर इनकी संख्या घटने की यही रफ्तार रही तो आने वाले एक-दो दशक में बाघ का नामो-निशान इस धरती से मिट जाएगा। इसलिए इनके संरक्षण के लिए कई देश मुहिम भी चला रहे हैं।



ब्रह्मपुत्र (यलो) नदी

ब्रह्मपुत्र (यलो) नदी मध्य और दक्षिण एशिया की प्रमुख नदी है, जो दुनिया की छठवीं सबसे लंबी नदी है। इसकी लंबाई 5464 किलोमीटर यानी 3398 मील है। यह चीन, तिब्बत, भारत तथा बांग्लादेश से होकर बहती है। ब्रह्मपुत्र का उद्गम तिब्बत के दक्षिण में मानसरोवर के निकट चेमायुंग दुंग नामक हिमवाह से हुआ है। इसका नाम चीन में या-लू-त्सांग-पू चियांग (यलो) तिब्बत में सांपो, अरुणाचल में डिहं तथा असम में ब्रह्मपुत्र है। यह नदी बांग्लादेश की सीमा में जमुना के नाम से दक्षिण में बहती हुई गंगा की मूल शाखा पद्मा के साथ मिलकर बंगाल की खाड़ी में जाकर मिलती है। यह दुनिया की सबसे गहरी नदी है।





येनिसे-अंगारा-सेलेंगा

येनिसे-अंगारा-सेलेंगा नदी दुनिया की पांचवीं सबसे लंबी नदी है, जो रूस में बहती है। इस नदी की लंबाई 5539 किलोमीटर यानी 3445 मील है। ये तीन नदियां हैं, जो एक-दूसरे से जुड़ती चली जाती हैं। इस नदी का उद्गम मंगोलिया के मध्य भाग से होता है और रूस के कई क्षेत्रों से बहते हुए ये नदी आर्कटिक महासागर में मिल जाती है।



कांगो नदी


कांगो नदी को जेयरे नदी के नाम से भी जाना जाता है। यह अफ्रीका की एक प्रमुख नदी है। 4700 किलोमीटर (2922 मील) की दूरी तय करने वाली यह नदी पश्चिम-मध्य अफ्रीका की सबसे विशाल और नील नदी के बाद अफ्रीका की सबसे लंबी नदी है। नदी अपने मुहाने पर सात मील चौड़ा रूप धारण कर समुद्र में गिरती है। यह समुद्र में प्रति सेकंड 20 लाख घन फुट कीचड़ युक्त पानी गिराती है, जो संपूर्ण मिसिसिपी के औसत का चौगुना है। इसका कीचड़ युक्त पानी समुद्री किनारे से 100 मील दूर तक तथा 4,000 फुट की गहराई तक समुद्री जल से अलग रूप में स्पष्ट दिखाई देता है।

ओब-इरटिस नदी



ओब-इरटिस नदी या ओबी नदी उत्तरी एशिया के पश्चिमी साइबेरिया क्षेत्र की एक नदी है और दुनिया की सातवीं सबसे लंबी नदी है। येनिसेय नदी और लेना नदी के साथ यह आर्कटिक सागर में बहने वाली तीसरी महान साइबेरियाई नदी मानी जाती है। ओब नदी की शुरुआत रूस के अल्ताई क्राय प्रदेश के बियस्क शहर से 26 किमी दक्षिण-पश्चिम में बिया नदी और कतुन नदी के संगम से होती है। इस नदी की लंबाई 5410 किलोमीटर (3364 मील) है।

पराना नदी



पराना नदी दक्षिण मध्य अमेरिका में बहने वाली एक नदी है। यह ब्राजील, पैराग्वे और अर्जेंटीना में बहते हुए 4,880 किलोमीटर (3,030 मील) का सफ़र तय करती है। दक्षिण अमेरिका में बहने वाली नदियों में अमेजन नदी के बाद यह दूसरी सबसे बड़ी नदी है। पराना नदी के नाम का अर्थ है समुद्र जैसी विशाल। पहले यह पैराग्वे नदी में मिलती है और फिर और नीचे गिरते हुए उरुग्वे नदी में मिल जाती है और रिओ दे ला प्लाता नदी के मुहाने का निर्माण करते हुए अटलांटिक महासागर में मिल जाती है।

अमूर-अर्गुन नदी

अमूर नदी दुनिया की 9वीं सबसे लंबी नदी है। यह नदी रूस के सूदूर पूर्वी क्षेत्रों और पूर्वोत्तरी चीन के दरमियान अंतरराष्ट्रीय सीमा भी है। रूस और चीन के बीच जमीन के लिए जो झड़पें 17वीं शताब्दी में आरंभ हुईं और 20वीं शताब्दी तक चलीं, उनमें अमूर नदी की अहम भूमिका थी। अमूर नदी पश्चिमी मंचूरिया की पहाड़ियों में शिल्का नदी और अर्गुन नदी के मिलाप से 303 मीटर की ऊंचाई पर जन्म लेती है। इसकी लंबाई 4444 किलोमीटर यानी 2763 मील है।



कुछ लोग हमारी संस्कृति को खत्म करने की साजिश कर रहे हैं, किंतु मैं ऐसा होने नहीं दूँगा

क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित शस्त्र पूजा कार्यक्रम में बोले मंत्री

लगभग 10 लाख रुपये से स्थापित होगी महाराणा प्रताप सिंह की प्रतिमा, स्थल निरीक्षण कर क्षत्रिय समाज को दिया आश्वासन

एक सत बुलेटिन ➤ चिरमिरी

आज क्षत्रियवो समाज द्वारा डोमन हिल स्थित क्षत्रिय भवन में शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। माँ काली के छायाचित्र का पूजन करने के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

इस दौरान क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने भवन निर्माण के लिए मुख्य अतिथि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने आगे कहा कि चिरमिरी में बेरोजगारी बहुत है, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वहीं, समाज के मंत्री ने भवन के लिए स्वीकृत 37 लाख रुपये और स्टेज के लिए 25 लाख रुपये की राशि के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमारे विधायक आज प्रदेश में कैबिनेट मंत्री हैं। वे घंटों-घंटों में क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। कुछ घंटे पहले चिरमिरी में होते हैं, तो कुछ घंटे बाद रायपुर में होने की जानकारी मिलती है।



शस्त्र पूजा कार्यक्रम में पहुँचे कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आज क्षत्रिय समाज द्वारा शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज से मनोनीत एल्डरमैन उपेंद्र सिंह को शॉल और श्रीफल पहनाकर सम्मानित किया गया।

श्री जायसवाल ने आगे कहा कि यह मेरा विधानसभा क्षेत्र है, लेकिन जब मैं यहाँ लोगों से मिलता हूँ, तो लगता है कि अपने परिवार के बीच में हूँ। कुछ लोग पद पाने के लिए कुछ भी करते रहते हैं और मैं कुछ करने के लिए पद पर बैठा हूँ।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को हमारी संस्कृति से भी गुरेज है। क्या हम अपनी संस्कृति को भूल जाएँ? यह बात उन्होंने गरबा महोत्सव के दौरान सोशल मीडिया पर की गई टीका-टिप्पणी के संदर्भ में कही। श्री जायसवाल ने कहा कि क्या संस्कृति को सिर्फ इसलिए भूल जाएँ कि इसमें खर्च हो रहा है? शस्त्र पूजा भी समाज के लोगों को एक स्थान पर एकत्रित कर जोड़ने की परंपरा है। खर्च तो इसमें भी लगता है, तो क्या इसे बंद कर दिया जाना चाहिए? मेरा जवाब है—बिल्कुल नहीं।

उन्होंने कहा कि क्षत्रिय का धर्म छाते के रूप में लोगों को सुरक्षित करना है। क्षत्रिय भले ही कद में छोटा हो, लेकिन जब भी आवश्यकता पड़ती है, तो क्षत्रिय का विशाल रूप दिखाई देता है। इस दौरान श्री जायसवाल ने क्षत्रिय समाज के प्रेरणादायक महापुरुषों महाराणा प्रताप सिंह, महाराणा सांगा और पृथ्वीराज चौहान को याद किया।

श्री जायसवाल ने आगे कहा कि यह मेरा विधानसभा क्षेत्र है, लेकिन जब मैं यहाँ लोगों से मिलता हूँ, तो लगता है कि अपने परिवार के बीच में हूँ। कुछ लोग पद पाने के लिए कुछ भी करते रहते हैं और मैं कुछ करने के लिए पद पर बैठा हूँ। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को हमारी संस्कृति से भी गुरेज है। क्या हम अपनी संस्कृति को भूल जाएँ? यह बात उन्होंने गरबा महोत्सव के दौरान सोशल मीडिया पर की गई टीका-टिप्पणी के संदर्भ में कही। श्री जायसवाल ने कहा कि क्या संस्कृति को सिर्फ इसलिए भूल जाएँ कि इसमें खर्च हो रहा है? शस्त्र पूजा भी समाज के लोगों को एक स्थान पर एकत्रित कर जोड़ने की परंपरा है। खर्च तो इसमें भी लगता है, तो क्या इसे बंद कर दिया जाना चाहिए? मेरा जवाब है—बिल्कुल नहीं।

उन्होंने कहा कि क्षत्रिय का धर्म छाते के रूप में लोगों को सुरक्षित करना है। क्षत्रिय भले ही कद में छोटा हो, लेकिन जब भी आवश्यकता पड़ती है, तो क्षत्रिय का विशाल रूप दिखाई देता है। इस दौरान श्री जायसवाल ने क्षत्रिय समाज के प्रेरणादायक महापुरुषों महाराणा प्रताप सिंह, महाराणा सांगा और पृथ्वीराज चौहान को याद किया।

श्री जायसवाल ने आगे कहा कि कलचुरियों ने 18-18 गढ़ों को मिलाकर छत्तीसगढ़ बनाया है। मैं आप लोगों के सम्मान के लिए 18-18 घंटे काम कर रहा हूँ, ताकि आप प्रदेश के किसी भी जिले में जाएँ, तो आपको सम्मान की नजर से देखा जाए।

उन्होंने कहा कि आप लोगों ने एक बीज लगाया, पानी डाला और उसे पेड़ बनाया है, जिसे अब पूरा छत्तीसगढ़ जानता है।

इस दौरान चिरमिरी के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि अमृत जल मिशन के तहत घर-घर पानी पहुँचाने की योजना के लिए 185 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 56 करोड़ रुपये की लागत से डोमनहिल, पोड़ी, हल्दीबाड़ी, कोरिया और गोदरीपारा में पाँच विद्युत सबस्टेशन बनाए जाएँगे। इससे क्षेत्र में बिजली की समस्या दूर होगी।

उन्होंने रेलवे जैसी बड़ी परियोजना, जिला अस्पताल के कायाकल्प, 150 से अधिक स्टाफ की व्यवस्था, 1,000 लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम और नालंदा परिसर का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सभी परियोजनाएँ चिरमिरी में स्थायित्व लाने के साथ रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने वाली साबित होंगी।

उन्होंने कहा कि आज पूरे चिरमिरी में सड़कों का काम चल रहा है। पूरे क्षेत्र में 8 मीटर चौड़ी सड़कें बनाई जा रही हैं।

उन्होंने गंभीरता से कहा कि चिरमिरी को कैंसर जैसी बीमारी की तरह खड़ा किया गया है और कैंसर का इलाज दो इंजेक्शन से नहीं हो सकता। इसलिए मुझ पर भरोसा रखें। चिरमिरी में लगातार बदलाव हो रहा है, जो आपको भी दिखाई देगा।

कार्यक्रम के अंत में क्षत्रिय समाज की माँग पर महाराणा प्रताप सिंह की प्रतिमा स्थापित कराने के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया। मंत्री ने अगले शस्त्र पूजा कार्यक्रम तक प्रतिमा स्थापना का कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया।

इस दौरान क्षत्रिय समाज से मनोज सिंह, प्रमोद सिंह, राम लखन सिंह, बृजेश सिंह, उपेंद्र सिंह, राजू नायक, रमन सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में राजपूत समाज के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित शस्त्र पूजा कार्यक्रम में बोले मंत्री

कुछ लोग हमारी संस्कृति को खत्म करने की साजिश कर रहे हैं, किंतु मैं ऐसा होने नहीं दूँगा:

एक सत बुलेटिन ➤ चिरमिरी

आज क्षत्रियवो समाज द्वारा डोमन हिल स्थित क्षत्रिय भवन में शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। माँ काली के छायाचित्र का पूजन करने के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

इस दौरान क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने भवन निर्माण के लिए मुख्य अतिथि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने आगे कहा कि चिरमिरी में बेरोजगारी बहुत है, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वहीं, समाज के मंत्री ने भवन के लिए स्वीकृत 37 लाख रुपये और स्टेज के लिए 25 लाख रुपये की राशि के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमारे विधायक आज प्रदेश में कैबिनेट मंत्री हैं। वे घंटों-घंटों में क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। कुछ घंटे पहले चिरमिरी में होते हैं, तो कुछ घंटे बाद रायपुर में होने की जानकारी मिलती है।

शस्त्र पूजा कार्यक्रम में पहुँचे कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आज क्षत्रिय समाज द्वारा शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज से मनोनीत एल्डरमैन उपेंद्र सिंह को शॉल और श्रीफल पहनाकर सम्मानित किया गया।

श्री जायसवाल ने आगे कहा कि यह मेरा विधानसभा क्षेत्र है, लेकिन जब मैं यहाँ लोगों से मिलता हूँ, तो लगता है कि अपने परिवार के बीच में हूँ। कुछ लोग पद पाने के लिए कुछ भी करते रहते हैं और मैं कुछ करने के लिए पद पर बैठा हूँ।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को हमारी संस्कृति से भी गुरेज है। क्या हम अपनी संस्कृति को भूल जाएँ? यह बात उन्होंने गरबा महोत्सव के दौरान सोशल मीडिया पर की गई टीका-टिप्पणी के संदर्भ में कही। श्री जायसवाल ने कहा कि क्या संस्कृति को सिर्फ इसलिए भूल जाएँ कि इसमें खर्च हो रहा है? शस्त्र पूजा भी समाज के लोगों को एक स्थान पर एकत्रित कर जोड़ने की परंपरा है। खर्च तो इसमें भी लगता है, तो क्या इसे बंद कर दिया जाना चाहिए? मेरा जवाब है—बिल्कुल नहीं।

उन्होंने कहा कि क्षत्रिय का धर्म छाते के रूप में लोगों को सुरक्षित करना है। क्षत्रिय भले ही कद में छोटा हो, लेकिन जब भी आवश्यकता पड़ती है, तो क्षत्रिय का विशाल रूप दिखाई देता है। इस दौरान श्री जायसवाल ने क्षत्रिय समाज के प्रेरणादायक महापुरुषों महाराणा प्रताप सिंह, महाराणा सांगा और पृथ्वीराज चौहान को याद किया।

श्री जायसवाल ने आगे कहा कि कलचुरियों ने 18-18 गढ़ों को मिलाकर छत्तीसगढ़ बनाया है। मैं आप लोगों के सम्मान के लिए 18-18 घंटे काम कर रहा हूँ, ताकि आप प्रदेश के किसी भी जिले में जाएँ, तो आपको सम्मान की नजर से देखा जाए।

उन्होंने कहा कि आप लोगों ने एक बीज लगाया, पानी डाला और उसे पेड़ बनाया है, जिसे अब पूरा छत्तीसगढ़ जानता है।

इस दौरान चिरमिरी के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि अमृत जल मिशन के तहत घर-घर पानी पहुँचाने की योजना के लिए 185 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 56 करोड़ रुपये की लागत से डोमनहिल, पोड़ी, हल्दीबाड़ी, कोरिया और गोदरीपारा में पाँच विद्युत सबस्टेशन बनाए जाएँगे। इससे क्षेत्र में बिजली की समस्या दूर होगी।

उन्होंने रेलवे जैसी बड़ी परियोजना, जिला अस्पताल के कायाकल्प, 150 से अधिक स्टाफ की व्यवस्था, 1,000 लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम और नालंदा परिसर का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सभी परियोजनाएँ चिरमिरी में स्थायित्व लाने के साथ रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने वाली साबित होंगी।

उन्होंने कहा कि आज पूरे चिरमिरी में सड़कों का काम चल रहा है। पूरे क्षेत्र में 8 मीटर चौड़ी सड़कें बनाई जा रही हैं।

उन्होंने गंभीरता से कहा कि चिरमिरी को कैंसर जैसी बीमारी की तरह खड़ा किया गया है और कैंसर का इलाज दो इंजेक्शन से नहीं हो सकता। इसलिए मुझ पर भरोसा रखें। चिरमिरी में लगातार बदलाव हो रहा है, जो आपको भी दिखाई देगा।

कार्यक्रम के अंत में क्षत्रिय समाज की माँग पर महाराणा प्रताप सिंह की प्रतिमा स्थापित कराने के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया। मंत्री ने अगले शस्त्र पूजा कार्यक्रम तक प्रतिमा स्थापना का कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया।

इस दौरान क्षत्रिय समाज से मनोज सिंह, प्रमोद सिंह, राम लखन सिंह, बृजेश सिंह, उपेंद्र सिंह, राजू नायक, रमन सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में राजपूत समाज के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

3 साल की पोती को बचाने में दादी की हत्या, चाकू से हमला कर आरोपी फरार, बिलासपुर में सनसनी



एक सत बुलेटिन ➤ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। सकरी थाना क्षेत्र के ग्राम मेंड्रा में तीन साल की मासूम बच्ची को कथित तौर पर जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश का विरोध करने पर एक बुजुर्ग महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान राजकुमारी यादव के रूप में हुई है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले प्रशांत शुक्ला ने बच्ची को अपने साथ ले जाने का प्रयास किया था। जब उसकी दादी ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने धारदार चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन बिलासपुर के सिम्स अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात की सूचना पर सकरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरार आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार देर रात की है। सकरी थाना क्षेत्र के ग्राम मेंड्रा में रहने वाली राजकुमारी यादव अपने घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान रात करीब 10 बजे पड़ोस में रहने वाला प्रशांत शुक्ला उनके घर पहुंचा। आरोप है कि युवक ने घर में मौजूद तीन साल की मासूम बच्ची को जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश की। आरोपी की इस हरकत को देखकर बच्ची की दादी राजकुमारी यादव ने तत्काल विरोध किया। बुजुर्ग महिला ने आरोपी को बच्ची को ले जाने से रोकने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

पोती को बचाने के लिए सामने आई दादी, आरोपी ने निकाला चाकू

बताया जा रहा है कि राजकुमारी यादव ने अपनी तीन साल की पोती को आरोपी के साथ जाने से रोक दिया था। आरोप है कि इससे नाराज प्रशांत शुक्ला ने महिला के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अपने पास रखा धारदार चाकू निकाल लिया और बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। चाकू लगने से राजकुमारी यादव गंभीर रूप से घायल हो गईं और जमीन पर गिर पड़ीं। अचानक हुई इस वारदात से घर में अफरा-तफरी मच गई। घटना के दौरान महिला ने मदद के लिए आवाज लगाई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े।

आरोपी मौके से फरार

महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों को आता देखकर आरोपी प्रशांत शुक्ला वहां से फरार हो गया। इस बीच घायल महिला की हालत गंभीर बनी हुई थी। परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

धान की फसल बचाने निकले किसान की मौत, हाथियों के डर से दहशत में ग्रामीण, 52 गजराजों का दल कर रहा विचरण

एक सत बुलेटिन ➤ कोरबा

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में मानव-हाथी संघर्ष की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कटघोरा वनमंडल के संवेदनशील पसान क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी के बीच एक किसान की मौत हो गई है। मृतक की पहचान 42 वर्षीय प्रताप सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि किसान अपने खेत में लगी धान की फसल को जंगली हाथियों से बचाने के लिए उन्हें खदेड़ने निकले थे। इसी दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए बिलासपुर स्थित सिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जंगली हाथियों की लगातार आवाजाही के कारण खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर खेतों में धान की फसल पकने के करीब पहुंच गई है। ऐसे समय में हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

धान की फसल बचाने देर रात निकले थे किसान

मिली जानकारी के अनुसार, पसान क्षेत्र के रहने वाले किसान प्रताप सिंह को अपने खेत में खड़ी धान की फसल की चिंता सता रही थी। इलाके में लगातार जंगली हाथियों की आवाजाही हो रही है। हाथी खेतों में पहुंचकर धान की फसल को खा रहे हैं और पैरों तले रौंदकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी बीच किसान प्रताप सिंह देर रात हाथियों को खेतों से दूर भगाने के लिए जंगल की ओर गए थे। बताया जा रहा है कि उस समय इलाके में काफी अंधेरा था। जंगल में हाथी की मौजूदगी के दौरान किसान अचानक मुंह के बल जमीन पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि, किसान को हाथी ने सीधे कुचला या हाथी से बचने के दौरान गिरने से चोट आई, इसकी स्पष्ट पुष्टि नहीं हो सकी है।

सिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

घटना में गंभीर रूप से घायल प्रताप सिंह को स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उपचार के लिए बिलासपुर के सिम्स अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। अस्पताल में उपचार के दौरान किसान ने दम तोड़ दिया। किसान की मौत की खबर सामने आने के बाद परिवार और आसपास के ग्रामीणों में शोक फैल गया। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है।

आधार कार्ड लेने पहुंचा था मंगेतर, एक्स बॉयफ्रेंड ने कर दिया कांड

दुर्ग। दुर्ग जिले के जामुल इलाके में प्रेम प्रसंग को लेकर हुए विवाद में युवक पर जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि दीपक गुप्ता (48) ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड के मंगेतर अमित कुमार बंजारे की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर धारदार हथियार से वार किया।

हमले में घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए दुर्ग रेफर किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामला जामुल थाना क्षेत्र का है।घटना 15 अक्टूबर की रात करीब 9-30 बजे शिवपुरी इलाके की है। पुलिस के मुताबिक, घायल अमित कुमार बंजारे ने जामुल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वह अपनी प्रेमिका के साथ आरोपी दीपक गुप्ता के पास पहुंचा था। इस दौरान शादी के लिए आधार कार्ड मांगने की बात पर विवाद शुरू हो गया।

अवैध खनन से जुड़के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है

साल की कठोर कैद,कठोर कारावास की सजा सुनाई

एक सत बुलेटिन ➤ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अरपा नदी के नगोई घाट पर बिना अनुमति रेत उत्खनन करने के मामले में दोषी पाए गए जेसीबी ऑपरेटर अनिल कुमार गौलिया को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय ने दोषी पर एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इसके अलावा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत 25 हजार रुपये का अतिरिक्त अर्थदंड लगाया गया है। इस तरह दोनों अर्थदंडों की कुल राशि 26 हजार रुपये है। यह मामला जून 2025 में अरपा नदी के



नगोई घाट पर हुई कार्रवाई से जुड़ा है। प्रशासन की संयुक्त टीम ने बिना अनुमति रेत उत्खनन करते हुए जेसीबी वाहन को लेकर प्रकरण दर्ज किया था। इसके बाद न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत सुनवाई हुई और आरोपी को दोषी ठहराया गया।

अरपा नदी के नगोई घाट पर हो रहा था अवैध रेत उत्खनन

जानकारी के अनुसार, बिलासपुर जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से विशेष अभियान शुरू किया गया था। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर 15 जून 2025 से जिले में अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत खनिज विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में जांच और कार्रवाई की। इसी अभियान के दौरान 17 जून 2025 को अरपा नदी के नगोई घाट पर अवैध रूप से रेत उत्खनन किए जाने का मामला सामने आया। जांच में पाया गया कि नदी से बिना वैध अनुमति के जेसीबी मशीन की सहायता से रेत निकाली जा रही थी। मामले में संबंधित वाहन और ऑपरेटर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।

प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान नगोई घाट पर जेसीबी वाहन क्रमांक ष्टव 11ब्क3246 के माध्यम से रेत उत्खनन करने का मामला दर्ज किया गया था। संयुक्त टीम ने मौके पर सामने आए तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रकरण पुलिस के पास भेजा। इसके बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई गई। बिना अनुमति नदी से रेत निकालना खनन संबंधी नियमों का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

जेसीबी ऑपरेटर अनिल कुमार गौलिया दोषी करार

इस प्रकरण में करगीरोड कोटा के डाकबंगला निवासी अनिल कुमार गौलिया, पिता तिलक राम गौलिया, के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। न्यायालय ने प्रकरण में प्रस्तुत साक्ष्यों और सुनवाई के आधार पर अनिल कुमार गौलिया को दोषी पाया। अदालत ने भारतीय न्याय संहिता (ब्नहस्) की धारा 303(2), सहपठित धारा 3(5) के तहत दोषी को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। अदालत का यह फैसला जिले में अवैध खनन से जुड़के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मां भवानी के दरबार में चोरों का धावा! पर्दा फाड़कर घुसे, दान पेटी से 10 हजार रुपये लेकर फरार

सूरजपुर । छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से दुर्गा पूजा के बीच चोरी का मामला सामने आया है। जिले के नवापारा स्थित मां भवानी दुर्गा पूजा समिति के पंडाल को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया है। चोरों ने पंडाल का पर्दा फाड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखी दान पेटी से करीब 10 हजार रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद चोरों ने खाली दान पेटी को सड़क के दूसरी ओर फेंक दिया। इस घटना ने दुर्गा पूजा पंडाल में रखी दान राशि की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। धार्मिक आयोजन के लिए बनाए गए पंडाल में इस तरह चोरी की वारदात सामने आने से आयोजन समिति के सामने भी नई परेशानी खड़ी हो गई है।

पर्दा फाड़कर पंडाल के अंदर घुसे चोर

मिली जानकारी के अनुसार, सूरजपुर जिले के नवापारा में मां भवानी दुर्गा पूजा समिति की ओर से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए आकर्षक पंडाल तैयार किया गया है, जहां श्रद्धालुओं के लिए मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की व्यवस्था की गई है। इसी पंडाल को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि चोरों ने प्रवेश के लिए पंडाल के पर्दे को फाड़ दिया। इसके बाद वे अंदर पहुंचे और वहां रखी दान पेटी तक पहुंच गए।चोरों ने दान पेटी में रखी नकदी निकाल ली। चोरी की इस वारदात में करीब 10 हजार रुपये गायब होने की बात सामने आई है।

स्वामी एक सत प्रयास जनकल्याण समिति के लिए प्रकाशक मुद्रक संपादक अभिषेक शर्मा द्वारा शॉप नंबर 33, एक सत बुलेटिन कार्यालय, संजय चौक , गौरेला जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही छत्तीसगढ़ पिन कोड 495117 से प्रकाशित एवं असमां पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, जयस्तम्भ चौक रायपुर छत्तीसगढ़ -492001 से मुद्रित। समूह संपादक - महेश कुमार तिवारी , स्थानीय उप संपादक / सिटी चीफ़ - भूपेंद्र सिंह , प्रशांत डेनियल